# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 4 जून 2024



# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

CVRU — DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

**Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University**

## THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED WITH "A" GRADE BY NAAC

REACH THE HEIGHTS OF SUCCESS




## Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

Dr. C.V. Raman University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (**University Grant Commission**) Act 1956

The **AICTE** (All India Council of Technical Education) has approved the B.Tech, M.Tech, MBA & Diploma in Engineering Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

**The NCTE (National Council for Teacher Education)** has approved the B.Ed & M.Ed Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

**The BCI (Bar Council of India)** has approved the B.A.L.L.B., L.LB., & B.Com. L.L.B Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

Dr. C.V. Raman University is the member of the **Association of Indian Universities (AIU)**

**The University is Approved by CGPURC** (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)

**The PCI** (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948) has approved the D.Pharm, B.Pharm & M.Pharm programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

# ADMISSION OPEN 2024-25

## CVRU Chhattisgarh Facilities and Achievements

- Fully Automated Library with KOHA Software, integrated with RFID System
- Smart Classrooms
- NEP Aligned Courses
- Research-oriented environment with altra morden facilities
- Online Live Lectures
- To Provide enhancement Skill based Education
- 130+ MoUs with national & international organizations, industry partners and incubation centres
- 1,000 Mbps optical fibre Speed
- Student learning with Solar Energy Park at cvru campus
- World class indoor & outdoor Sport facilities
- (iTBI) inclusive technology business Incubator supported by DST Govt. of India
- Chhattisgarhi Lok Kala and Sanskriti museum (Sanjohi)
- We fulfil civic and social responsibility through NSS and NCC
- "Our strong Industrial linkage with National & MNC'S ensure valuable opportunities for internships and job placements, enriching students' practical xperiences."
- Herbal Medicinal Garden

### TOP RECRUITERS OF AGU

# Programmes Offered

### ENGINEERING & TECHNOLOGY

**B.Tech.**
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Electronics & Comm. Engg
- Computer Science Engg.
- Electrical & Electronics Engg.

**Polytechnic Diploma**
- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Computer Science Engg.
- Electrical Engineering

**M. Tech.**
- Digital Communication
- Power System
- Computer Science Engg.
- Production Engineering
- VLSI • Software Engg.

### PHARMACEUTICAL SCIENCES
- B. Pharm-(4-Year Course)
- D. Pharm-(2-Year Course)
- M. Pharm-(2-Year Course)

### MANAGEMENT
- B.B.A. | M.B.A. | PGDBM

### COMMERCE
- B.Com. | M.Com.

### LAW
- LL.M. | LL.B.
- B.A. (LL.B.)
- B.Com.(LL.B.)

### INFORMATION TECH.
- M.Sc. (IT) • M.Sc. (CS)
- P. G.D.C.A.
- B.C.A. • D.C.A.

### SCIENCE
- **B.Sc.** (Mathematics, Biology, Microbiology, Biotech, Computer Science)
- **M.Sc.** (Physics, Chemistry, Mathematics, Micro-biology, Botany, Biotech, Zoology, Electronics, Rural Technology )
- PGDRD

### PHYSICAL EDUCATION
- B.P.E.S. | M.P.E.S.

### EDUCATION
- B.Ed. | M.Ed.

### ARTS
- B.A.
- PERFORMING & FINE ARTS (Indian Music (Vocal) Kathak, Tabla, Guitar)
  *B.F.A. | M.F.A.*
- M.A.
  - **Linguistics-** (English, Hindi, Chhattisgarhi, Sanskrit)
  - **Social Science -** (History, Geography, Economics, Sociology Political Science, Education)
- B.Lib. | M.Lib.
- M.S.W. (Social Work)
- B.J. | M.J.

### B.VOC
- Automobile Servicing
- IT Application Development
- Banking Financial Services and Insurance
- Construction
- Production Technology
- AC & Refrigeration

### Research Programmes
Ph.D.

* Proposed

**ADMISSION HELPLINE: 6261-900581, 6261-900582** www.cvru.ac.in

Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.), Phone: +91-7753-253801, Email: info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

AdPRAYAS

# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2023 Ranked 101-150 | 50 Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships

## ENGINEERING & TECHNOLOGY

ADMISSIONS OPEN

2024-2025



### DIPLOMA
- Civil
- Mining
- Mechanical
- Electrical
- Computer Science

### B.TECH
- Civil
- Mechanical
- Electrical
- Computer Science
- Computer Science in AI & ML

In collaboration with

IBM Innovation Centre for Education

### M.TECH
- Civil
- Mechanical
- Electrical
- Computer Science

## DEPARTMENTS

- ARTS & HUMANITIES
- COMMERCE
- DESIGN
- ENGINEERING
- EDUCATION
- INFORMATION TECHNOLOGY
- LAW
- LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
- MANAGEMENT
- PHARMACY
- RESEARCH
- SCIENCE
- YOGA

Scan the QR code to register for our entrance examinations

**KALSEE/KAL-MAT**

+91-9907252100

www.kalingauniversity.ac.in

admissions@kalingauniversity.ac.in

#Rajesh9926308899

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh | **City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001

**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## भर्ती दिखाकर आईपीडी, आईसीयू के चार्ज का क्लेम

### रायपुर के दानी केयर की जांच रिपोर्ट

मदन साहू नाम का मरीज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द और खांसी की शिकायत पर हास्पिटल पहुंचा। दानी केयर ने इस मरीज को निमोनिया के तहत कार्ड ब्लाक किया और इलाज प्रारंभ किया।अस्पताल का आडिट किया गया। जांच में पाया गया कि उसे निमोनिया की कोई शिकायत ही नहीं थी। इस अस्पताल के संबंध में 12 केस हैं जिनका आडिट किया गया। सब नेचर की शिकायतें हैं।सामान्य मरीजों को भर्ती कर आईसीयू में दिखाया गया और लाखों रुपए की राशि क्लेम की गई है।

# मामूली बीमारी को गंभीर बताकर डॉक्टर कर रहे लूट, हरिभूमि के पास है आयुष्मान की जांच रिपोर्ट

### कार्ड से भी पैसे क्लेम किए, मरीजों से वसूली भी कर ली, इसी में फंसे 28 अस्पताल

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों में पचास हजार से पांच लाख रुपए का इलाज की सुविधा आम आदमी को मिली हुई है। यह केवल अस्पताल में भर्ती होने के बाद ही क्लेम की जा सकती है। लेकिन छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में अस्पताल इसमें खेल कर रहे हैं। पैसे के लालच में ऐसे मरीजों को भर्ती दिखा दिया जो गंभीर नहीं थे, यहां तक कि वे अस्पताल में भर्ती भी नहीं हुए, उनके कार्ड से पैसों का क्लेम किया गया। ▶▶|शेष पेज 3 पर







### कार्रवाई निरंतर जारी

ओपीडी के मरीजों को आईपीडी में भर्ती कराए जाने वाले अस्पतालों के विरुद्ध गाइडलाइन के अनुसार कार्रवाई निरंतर जारी है। सभी सीएमएचओ को टीम गठित कर अस्पतालों को औचक निरीक्षण करने कहा गया है, जहां एक ही प्रकार के क्लेम अधिक रिपोर्ट की जा रही है।

**- डॉ. केआर सोनवानी,** उपसंचालक स्टेट नोडल एजेंसी

### प्रदेशभर में शिकायतें हैं

कोंडगांव के एकता हास्पिटल, शिव अमृता अस्पताल, बिलाईगढ़ के दक्ष अस्पताल, गरियाबंद के मां यशोदा हास्पिटल, महासमुद के जय पताई माता अस्पताल, श्री राम अस्पताल, श्री उत्तम साईं केयर हास्पिटल, दुर्ग के कृष्णा हास्पिटल की इसी तरह की शिकायतें हैं।

### जिला और राज्य स्तर पर निगरानी

अस्पतालों में स्वास्थ्य योजना के नाम पर होने वाली गड़बड़ी और उपचार व्यवस्था से असंतुष्ट होने की शिकायत जिला और राज्य स्तर के कार्यालय में की जा सकती है। इसकी जांच के लिए जिला और राज्य स्तर पर टीम गठित की गई है। इसके अलावा योजना के तहत इलाज के लिए भर्ती मरीजों से 104 आरोग्य सेवा के द्वारा जानकारी ली जा रही है।

### कोंडागांव के एकता में पांच मामले

कोंडागांव के एकता हास्पिटल में उमा सागर नाम की मरीज को कमजोरी, उल्टी और भूख नहीं लगने की शिकायत थी।ओपीडी में उसकी जांच की गई लेकिन उसे भर्ती दिखाकर पैसे क्लेम किए गए। इस अस्पताल के खिलाफ 5 शिकायतें हैं। उनकी जांच की गई है। नोटिस देकर जवाब मांगा गया है।

### रायपुर के यशोदा चिल्ड्रन में मरीज से लिए पैसे

प्रांजलि नाम की बच्ची भर्ती कराई गई। दो दिन तक उसके कार्ड का उपयोग नहीं किया। इलाज से मना किया गया। दो दिन भर्ती कर उससे नकद पैसे लिए गए। जांच के नाम पर पैसे अलग से लिए। जांच में पाया गया कि कार्ड का उपयोग जानबूझकर नहीं किया।

### महासमुंद में मरीज भर्ती किए बिना पैसे क्लेम

महासमुंद के झलप अस्पताल है श्रीराम हास्पिटल। इस पर गंभीर आरोप है। यहां चेतन नामक मरीज भर्ती ही नहीं हुआ। आयुष्मान योजना के तहत अस्पताल ने पैसे का क्लेम किया। लेकिन जब आडिट किया गया तो पता चला कि मरीज भर्ती ही नहीं हुआ। उसके बाद अस्पताल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

*सात चरणों में हुए मतदान के बाद अब लोकसभा चुनाव परिणामों की घड़ी आ गई। मंगलवार को सुबह से गिनती शुरू हो जाएगी। दोपहर तक रुझान आने शुरू हो जाएंगे और शाम तक देश के दिग्गजों के भाग्य का फैसला हो जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि सभी मतगणना केंद्रों पर सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। इधर, भाजपा ने 400 पार की उम्मीद लगा रखी है, वहीं विपक्षी गठबंधन भी जीत के दावे कर रहा है।*

**मतगणना** 543 सीटें (272 बहुमत)

| 51 | 8360 | 07 | 80 |
|---|---|---|---|
| राजनीतिक दल | उम्मीदवार | चरणों में मतदान | दिन की प्रक्रिया |

# इंतजार खत्म, आज खुलेगा पिटारा बनेगी नई सरकार, पार्टियां अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आज मंगलवार का दिन ऐतिहासिक होगा। देश महा-जनादेश देगा। आज दोपहर 12 बजे तक तय हो जाएगा कि देश में फिर तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी या इंडी गठबंधन का सपना साकार होगा? एग्जिट पोल में तो भाजपा 400 पार जा रही है।

मतगणना की शुरुआत होने के साथ ही धीरे-धीरे रुझान सामने आने लगेंगे और फिर अपराह्न होते-होते लगभग यह स्पष्ट हो जाएगा कि क्या मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे या फिर साल 2004 की तरह ही कुछ ऐसे चौंकाने वाले नतीजे सामने आएंगे, जिसकी उम्मीद विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन कर रहा है। ज्यादातर 'एग्जिट पोल' इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक ▶▶|शेष पेज 3 पर

### डाक मतपत्रों से शुरू होगी गिनती



### डाक मतपत्र के आधे घंटे बाद ईवीएम

डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होने के आधे घंटे बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गिनती शुरू होगी। विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया था।

### जवानों ने किया फ्लैग मार्च

पूरे भारत में जहां पर भी मतगणना होनी है, वहां पर सिक्योरिटी फोर्सेस और पुलिस बल पहुंच चुका है। संदेशखाली में सिक्योरिटी फोर्सेस ने फ्लैग मार्च निकाला। अहमदाबाद, दिल्ली, लखनऊ और हर जगह सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था है।

### भाजपा ने एक दिन पहले बनाई रणनीति

केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन और मतगणना की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एक बैठक की।

### कांग्रेस मुख्यालय में भी तैयारियां

लोकसभा चुनाव की मतगणना से एक दिन पहले सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में तैयारियां जोरों पर हैं। पार्टी मुख्यालय '24 अकबर' रोड के परिसर में टेंट लगाया गया है।

### सीएम साय ने कहा- हम 400 रन बनाने वाले हैं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एग्जिट पोल में आए परिणाम को कांग्रेस नेताओं द्वारा भ्रामक बताए जाने पर चुटकी ली है। उन्होंने कहा, कांग्रेसी हार का ठीकरा कहीं न कहीं तो फोड़ेंगे ही,



इसलिए आज एग्जिट पोल को गलत बता रहे हैं। 4 तारीख के बाद कांग्रेसी ईवीएम पर हार ▶▶|शेष पेज 3 पर

### इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलेंगी- बैज

दीपक बैज ने कांग्रेस ने एग्जिट पोल के नतीजों को भ्रामक बताया है। कांग्रेस पार्टी इन नतीजों को खारिज करती है। 4 जून को जब नतीजे आयेंगे तब देश में बेहतर स्थिति में हम रहेंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा से जिस व्यक्ति ▶▶|शेष पेज 3 पर



## छग की 11 सीटों का खुलेगा पिटारा, रायपुर में सबसे ज्यादा 175 राउंड, कोरबा सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। मतगणना स्थल पर सुबह 6 बजे उम्मीदवार, अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में काउंटिंग सेंटर के स्ट्रॉन्गरूम को खोला जाएगा। साथ ही 11 जिलों में डाक मतपत्रों की गणना 8 बजे से शुरू होगी। मतपत्रों की गणना के बाद सुबह 8:30 बजे से ईवीएम से मतगणना का काम शुरू कर दिया जाएगा। सभी लोकसभा सीटों में कोरबा में सबसे कम ▶▶|शेष पेज 3 पर

- छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा में मतगणना की तैयारियां पूरी

### 33 जिला मुख्यालयों में होगी वोटों की गिनती

11 लोकसभा सीटों की मतगणना 33 जिला मुख्यालयों में होगी। सभी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए अलग से हॉल की भी व्यवस्था की गई है। पूरे प्रदेश में मतगणना के लिए 94 मतगणना हॉल बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र रामानुजगंज सामरी, कोंडागांव और केशकाल में दो-दो हॉल रहेंगे। 86 विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के लिए एक-एक हॉल की व्यवस्था की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतगणना 4 जून को राज्य के सभी जिलों में शुष्क दिवस घोषित किया गया है।



### चुनाव आयोग की लंबी चौड़ी फौज

11 लोकसभा क्षेत्र में 90 विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 11 रिटर्निंग अधिकारी, 476 सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 4362 गणना कर्मी और 1671 माइक्रो आबजर्वर भी नियुक्त किए गए हैं। मतगणना केंद्र में अभ्यर्थी गणना एजेंट के लिए अलग से प्रवेश द्वार होंगे और रिटर्निंग ऑफिसर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और गणना में लगे अन्य कर्मचारियों के लिए भी अलग से प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। सभी अभ्यर्थी गणना एजेंट और उनके निर्वाचन एजेंटों को फोटो युक्त पहचान ▶▶|शेष पेज 3 पर

### मतगणना केंद्र के हॉल में कौन कौन बैठ सकेंगे

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतगणना केंद्रों के बाहर बने हॉल में अभिकर्ताओं के बैठने की सुविधा होगी। पंजीकृत और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों की मतगणना अभिकर्ता, इसके साथ ही निर्दलीय अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता मतगणना केंद्र के हॉल में बैठ सकेंगे। साथ ही मतगणना हाल में किसी भी सुरक्षाकर्मी को रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति के बिना अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

## T20 world cup स्कोर बोर्ड

ओमान 109/10 VS नामीबिया 109/6

सुपर ओवर में जीता नामीबिया

3 विकेट : डेविड विसे
प्लेयर ऑफ द मैच

श्रीलंका 77/10 VS द.अफ्रीका 80/4

6 विकेट से जीता द.अफ्रीका

4 विकेट : एनरिच नॉर्किया
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

स्कॉटलैंड VS इंग्लैंड
सुबह : 6 बजे

अफगानिस्तान VS युगांडा
समय : रात 8 बजे

## खबर संक्षेप

### विमान में बम की अफवाह उड़ान में दो घंटे की देरी

**चेन्नई।** चेन्नई से कोलकाता जाने वाले 'इंडिगो' के एक विमान में सोमवार को सुबह बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद उड़ान सेवा में दो घंटे का विलंब हुआ। इंडिगो कॉल सेंटर पर सूचना मिलने के बाद अधिकारी विमान को एक 'अलग जगह' पर ले गए।



### कार पलटने से चार की मौत, दो घायल

**सतना।** सतना जिले में एक कार पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। यह दुर्घटना रविवार देर रात रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के सतना-रीवा मार्ग पर मनकारी गांव के पास हुई। कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद मनकारी मोड़ पर वाहन पलट गया।

### टी20 में भारत के मैचों का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी20 विश्व कप के भारत के मैचों, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने बातचीत के दौरान यह घोषणा की। प्रसार भारती ने इस मौके पर टी20 विश्व कप के लिए विशेष गान 'जज्बा' भी लॉन्च किया।



### आईएसआईएस से जुड़े 17 के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** एनआईए ने आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश में शामिल होने के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने मूल रूप से मार्च 2023 में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था।

## ट्रेनों में भीड़ के बीच 18 ट्रेनें रद्द इनमें 9 स्पेशल, पटना, केरल और हैदराबाद के लिए नहीं मिलेगी ट्रेन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों में भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है और इधर रेलवे ने एक बार फिर तीसरी रेल लाइन का काम बताकर 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जिससे यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सिकंदराबाद रेल मंडल के काजीपेट जं-बल्हारशाह सेक्शन के आसिफाबाद रोड-रेचनी रोड रेलवे स्टेशनों ▶▶|शेष पेज 3 पर

- सिकंदराबाद रेल मंडल में तीसरी रेलवे लाइन का कार्य करने रेलवे ने ट्रेनों को किया रद्द

### स्पेशल ट्रेनों को भी किया रद्द

रेलवे ने ट्रेनों की भीड़ कम करने स्पेशल ट्रेन चला रहा है, जिसमें भारी भीड़ देखने को मिल रही है अब उसे ही रेलवे ने रद्द कर दिया है। 9 स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी, जिसमें प्रत्येक ट्रेन से 2 हजार से अधिक यात्रियों को अब फिर से सफर के लिए नई ट्रेन पकड़नी होगी। पटना और सिकंदराबाद की ट्रेन इन दिनों फुल चल रही है। ऐसे में उस रूट की ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### रद्द रहेगी यह ट्रेन

01. 25 जून एवं 02 जुलाई, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 22619 बिलासपुर-तिरुनेलवेली जं. एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
02. 23 एवं 30 जून, 2024 को तिरुनेलवेली से चलने वाली 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
03. 24 जून एवं 01 जुलाई, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 22815 बिलासपुर-एर्णाकुलम जंएक्सप्रेस रद्द रहेगी।
04. 24 जून एवं 01 जुलाई, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 22815 बिलासपुर-एर्णाकुलम एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
05. 26 जून एवं 03 जुलाई, 2024 को एर्णाकुलम से चलने वाली 22816 एर्णाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
06. 26, 29 जून एवं 03, 06 जुलाई, 2024 को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
07. 24, 27 जून एवं 01 एवं 04 जुलाई, 2024 को कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
08. 24 जून, 2024 को सिकंदराबाद से चलने वाली 07005 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी।
09. 27 जून, 2024 को रक्सौल से चलने वाली 07006 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी।
10. 26 जून, 2024 को सिकंदराबाद से चलने वाली 07007 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी।

▶▶|शेष पेज 3 पर

## धूं-धूं कर जली ताज एक्सप्रेस, ट्रेन से कूदे यात्री

**03** कोच में लगी आग

**04** बजकर 24 मिनट पर हादसा

**08** दमकल वाहन मौके पर जुटे



### पूरी तरह जले दो डिब्बे

घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पाया गया कि ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगी है। ट्रेन रुकी हुई थी। डी3 और डी4 डिब्बे पूरी तरह जल गए हैं जबकि डी2 को आंशिक नुकसान पहुंचा है।



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार को ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। यात्री समय रहते प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चला। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया, हमें अपराह्न चार बजकर 24 मिनट पर ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगने की सूचना मिली।

**बड़ी वारदात**

## गादीरास में प्रधान आरक्षक का रेता गला, हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के गादीरास थाना में पदस्थ डीआरजी के प्रधान आरक्षक सोढ़ी लक्ष्मण की बीती रात अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के पीछे नक्सली वारदात होने की संभावना व्यक्त की ▶▶|शेष पेज 3 पर

### मामले की हो रही जांच

घटना नक्सलियों ने अंजाम दी या आपसी रंजिश का परिणाम है। बहरहाल सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है। मौके पर मिले साक्ष्य की विवेचना कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। प्रधान आरक्षक की हत्या मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच गादीरास पुलिस द्वारा की जा रही है।

### पांच दिन पहले मल्हार क्षेत्र से मृतक वृद्ध हुए थे लापता

# मथुरा में मिली लाश की 20 साल पुरानी शर्ट से हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

पांच दिन पहले मल्हार क्षेत्र से लापता हुए वृद्ध की यूपी मथुरा में लाश मिली है। पुलिस ने 20 साल पुरानी शर्ट से उनकी पहचान कर ली है। मृतक के परिजन शव लेने के लिए मथुरा रवाना हो गए हैं। दूसरी ओर तोरवा पुलिस 10 माह में हत्या के मामले में मृतक की पहचान नहीं कर पाई है।

प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार ने बताया, 2 जून को उत्तर प्रदेश मथुरा में एक 75 वर्षीय वृद्ध की लाश मिली। मृतक की पहचान नहीं होने पर पंचनामा के दौरान उसकी शर्ट में बीएसपी विक्रम टेलर, नम्बर लिखा हुआ स्टिकर मिला। मथुरा के प्रशिक्षु आईपीएस ट्विंकल जैन ने बिलासपुर में पदस्थ बैचमेट प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार को स्टिकर भेजकर पहचान करने को कहा। पतासाजी करने पर टिकरापारा में विक्रम टेलर की दुकान होने की जानकारी मिली।

रविवार को कोतवाली टीआई विजय कुमार चौधरी टिकरापारा गए तो टेलर दुकान बंद थी, टेलर को थाने बुलाया गया। उसे शर्ट का स्टिकर दिखाया गया। उसने स्टिकर अपनी ही दुकान का होना बताया, उसमें लिखा हुआ नम्बर उसकी दुकान के लैंडलाइन फोन का था। उसने उक्त शर्ट 20 साल पुरानी होने की जानकारी दी, उसने ▶▶|शेष पेज 3 पर

### पेंड्रा में भी की गई पतासाजी







मृतक की जेब से 30 मई का उसलापुर से पेंड्रा रेलवे स्टेशन का रेलवे की टिकिट मिला था। उसके आधार पर टीआई श्री चौधरी ने जीपीएम पुलिस को मृतक की फोटो भेजकर जानकारी मंगाई थी।

### इधर, 10 माह में मृतक की नहीं हुई पहचान

पुलिस मेहनत से काम करे तो सब मुमकीन है। उत्तर प्रदेश मथुरा पुलिस ने 20 साल पुरानी शर्ट में लगे टेलर के स्टिकर से मृतक वृद्ध की पहचान कर ली। इधर तोरवा पुलिस 2 सितंबर 2023 को तोरवा क्षेत्र के दोमुहानी बंद रेलवे ट्रेक में मिली एक मृत व्यक्ति की पहचान नहीं कर पाई है, जबकि मामला हत्या का होने की आशंका है। 10 माह में तीन टीआई बदल गए, किन्तु अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।



# हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



*लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले ही लोकसभा सचिवालय ने नवनिर्वाचित सांसदों के स्वागत और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में हर संभव सुविधाएं देने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सांसदों के स्वागत और उनके निर्बाध पंजीकरण, अस्थायी आवासीय, चिकित्सा व्यवस्थाओं के अलावा उनके लिए एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर गाइड पोस्ट स्थापित की गई हैं। लोकसभा सचिवालय के प्रवक्ता के अनुसार अठारहवीं लोकसभा के लिए नवनिर्वाचित सांसदों के पंजीकरण के साथ उन्हें सभी संभव सहायता और सुविधाएं देने के लिए तैयार किये गये आउटरीच प्लान के तहत संसदीय क्षेत्रों के अनुसार नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी संसद भवन पहुंचने वाले नवनिर्वाचित सांसदों से संपर्क करके उनका मार्गदर्शन करने के साथ उनका स्वागत करेंगे, जहां नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा।*

# 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों के स्वागत को तैयार संसद

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में न केवल सांसद के बायो प्रोफाइल डेटा की प्रविष्टि की जाएगी, बल्कि इसमें प्रविष्ट की गई फेशियल और बायोमेट्रिक जानकारी के आधार पर पहचान पत्र जारी करने के साथ ही लोक सभा सदस्यों और उनकी पत्नी/पति को सीजीएचएस कार्ड जारी किए जाने की व्यवस्था भी की गई है। मसलन इस बार सांसदों सुविधा और सुगमता के लिए पंजीकरण, नामांकन, अस्थायी आवास, चिकित्सा और कई अन्य मामलों से संबंधित सभी औपचारिकताओं को ऑनलाइन आधार पर पूरा करने का प्रस्ताव है।

## सांसदों को पंजीकरण कराने के लिए मिलेगी डिजिटल डेस्क

लोकसभा सचिवालय के प्रवक्ता के अनुसार इस बार 04 जून को दोपहर 2 बजे से पंजीकरण शुरू करने की व्यवस्था की है और यह प्रक्रिया 5 से 14 जून को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक जारी रहेगी, जिसमें शनिवार और रविवार भी शामिल हैं। पंजीकरण के लिए संसदीय सौध में बैंक्वेट हॉल और प्राइवेट डाइनिंग रूम (पीडीआर) में 10-10 कंप्यूटरों के साथ कुल 20 डिजिटल पंजीकरण काउंटर स्थापित किए गए हैं। ये काउंटर एंड-टू-एंड पंजीकरण प्रक्रिया के लिए स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक काउंटर पर डबल साइडेड स्क्रीन वाला डेस्कटॉप, प्रिंटर कम स्कैनर, बायोमेट्रिक और हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए एक टैब लगा हुआ है। फोटो खींचने और फेशियल रिकोगनिशन के लिए अलग-अलग काउंटर हैं। वहीं नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एसबीआई बैंक खाता खोलने, स्थायी पहचान पत्र, केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने की व्यवस्था भी की गई है। पंजीकरण काउंटरों पर तैनाती प्रशिक्षित 70 अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

**संसदीय सौध में मंगलवार से शुरू होगा पंजीकरण**

## एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर स्थापित की गई गाइड पोस्ट



### चुनाव नतीजों पर नजर रखेगी एक टीम

चुनाव परिणामों की घोषणा के दिन चुनाव आयोग की वेबसाइट पर नजर रखने और सफल उम्मीदवारों के संपर्क विवरण तुरंत दर्ज करने के लिए एक टीम गठित की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि निर्वाचित उम्मीदवार नया सांसद है या फिर पुनःनिर्वाचित सांसद है। इसी आधार पर संपर्क अधिकाकारी विशेष रुप से नवनिर्वाचित सदस्यों से शीघ्र संपर्क करंगे, ताकि उन्हें आवश्यक दस्तावेजों लाने के बारे में जानकारी उपलब्ध करा सके।

## नवनिर्वाचित सांसदों के अस्थायी आवासीय सुविधा का खाका तैयार

लोकसभा चुनाव में 18वीं लोकसभा के लिए ऐसे नवनिर्वाचित सदस्यों जिनके पास दिल्ली या नई दिल्ली में पहले से सरकारी आवास नहीं है, को वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी, हॉस्टल या विभिन्न राजयों भवनों और अतिथि गृहों में तब तक अस्थायी आवास आवंटित किया जाएगा, जब तक उन्हें लोक सभा की आवासीय समिति द्वारा नियमित आवास प्रदान नहीं किया जाता। इस बार सदस्यों को अस्थायी आवास के आवंटन के लिए सॉफ्टवेयर आधारित कम्प्यूटरीकृत प्रणाली लागू की गई है। नवनिर्वाचित सदस्यों को अस्थायी आवास आवंटित करने या इसमें बदलाव करने के लिए संसद भवन परिसर में एक आवास डेस्क भी 24X7 सुविधा उपलब्ध कराएगी।

**ऐसे होंगे अस्थायी आवास के इंतजाम**

## अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया है तैनात

लोकसभा सचिवालय के अनुसार 4 जून से 9 जून 2024 तक देशभर से अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों से नई दिल्ली आने वाले नव-निर्वाचित सांसदों के स्वागत के लिए जहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर व्यवस्था की गई है। वहीं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर भी स्वागत केंद्र के रूप में 'गाइड पोस्ट' स्थापित किये गये हैं, जहां लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया है, जो उनका संसद भवन परिसर, राज्य भवन या अतिथि गृहों तक ले जाने के लिए हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। हवाई अड्डों व रेलवे स्टेशनों पर गाइड पोस्ट चार जून की शाम 06.00 बजे से रात 11.00 बजे तक और 05 जून से 09 जून सुबह 05.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक और दोपहर 02.00 बजे से रात 11.00 बजे तक (दो शिफ्टों में) काम करेंगी।

## सोशल मीडिया

### मतदाताओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया : राजीव कुमार



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने यह भी कहा कि हमने 642 मिलियन मतदाताओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह सभी जी7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। चुनाव कर्मियों के सावधानीपूर्वक और सतर्कतापूर्वक किए गए काम की वजह से हमने कम पुनर्मतदान सुनिश्चित किए। हमने 2019 में 540 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 पुनर्मतदान देखे। इसमें भी 39 में से 25 पुनर्मतदान तो सिर्फ दो राज्यों में हुए। यह चुनाव उन आम चुनावों में से एक है, जिसमें हमने हिंसा नहीं देखी।

### हमें उम्मीद है असल परिणाम अलग होंगे : सोनिया



कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने कहा है कि पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम 'एग्जिट पोल' के अनुमान से बिल्कुल अलग होंगे। उन्होंने कहा, हमें इंतजार करने की जरूरत है... बस, इंतजार कीजिए और देखिए। हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है? नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। आपको बता दें कि गत शनिवार को अंतिम चरण के लिए हुए मतदान के बाद 'एग्जिट पोल' सामने आया था। इसमें भाजपा नीत राजग को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

# चुनाव आयोग की वेबसाइट सहित वोटर हेल्पलाइन व आईओएस, एंड्राइड मोबाइल ऐप पर भी देखें नतीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

1 जून 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी और सातवें चरण के लिए वोटिंग हो चुकी है। अब एक दिन बाद यानी 4 जून 2024 को चुनाव परिणाम आते ही यह साफ हो जाएगा कि केंद्र में मोदी सरकार 3.0 बनेगी या नहीं। आम चुनाव 2024 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के दूसरे सबसे लंबे समय तक चले लोकसभा चुनाव थे। 19 अप्रैल 2024 से शुरू हुए लोक सभा चुनाव 1 जून 2024 को संपन्न हुए। आपको बता दें कि देशभर में चुनाव आयोग ने सात चरणों में चुनाव कराए हैं। 1 जून 2024 को चुनाव खत्म होते ही एग्जिट पोल सामने आए। लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम अब 4 जून 2024 को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया द्वारा वोटों की गिनती के बाद जारी किया जाएगा। 4 जून की शाम तक परिणाम पूरी तरह से जारी होने की उम्मीद है।

## लोकसभा चुनाव के नतीजों के पल-पल के अपडेट लिए हुए हैं कई इंतजाम

**कुल कितनी सीटों पर हुआ मतदान?**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव का अहम योगदान है। संसद के निचले सदन लोकसभा की कुल 543 सीटों के लिए चुनाव हुआ है और हर 5 साल पर लोगों को अपने क्षेत्र के लिए लीडर चुनने का मौका मिलता है। लोकसभा चुनाव परिणाम के लिए गिनती सुबह 8 बजे से हो जाएगी। जैसा कि हमने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव परिणाम को 4 जून 2024 को जारी किया जाएगा। परिणामों को आधिकारिक तौर पर भारतीय निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। चुनाव आयोग की वेबसाइट **results.eci.gov.in** के साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप, आईओएस और एंड्राइड मोबाइल ऐप दोनों पर चुनाव परिणाम और रुझान देख सकेंगे।




### क्या है वोटर हेल्पिंग ऐप?

*वोटर हेल्पलाइन ऐप को गूगल प्ले या ऐप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप पर आपको आगे या पीछे चल रहे उम्मीदवारों और जीतने व हारने वाले सभी कैंडिडेट की निर्वाचन क्षेत्रवार या राज्य वार रिजल्ट की जानकारी मिल जाएगी। यूजर्स अपनी जरूरत के हिसाब से ऐप में फिल्टर का इस्तेमाल कर सकते हैं।*

## स्ट्रांगरूम में कितने लोग जा सकते हैं

मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। उसके बाद वोटों की गिनती शुरू होगी। इस बीच काउंटिंग, स्ट्रांग रूम समेत कुछ ऐसे अहम सवाल है, जिसका जवाब जनता जानना चाहती है।

### कौन खोलता है स्ट्रांग रूम का ताला?

स्ट्रांग रूम वह रूम होता है, जहां पर वोटिंग के बाद ईवीएम को रखा जाता है। जिस दिन मतगणना होती है उस दिन सुबह 7 के आसपास स्ट्रांग रूम का ताला खोला जाता है। जब इसका ताला खोला जाता है, उस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर और चुनाव आयोग के ऑब्जर्वर भी वहां मौजूद रहते हैं। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाती है। ताला खोलने के समय हर एक उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि मौजूद होते हैं। **EVM** की कंट्रोल यूनिट काउंटिंग की टेबल पर रखी जाती है। इसके बाद प्रत्येक कंट्रोल यूनिट की यूनिक आईडी और सील का मिलान किया जाता है और उसे पोलिंग एजेंट को भी दिखाया जाता है। अगर किसी उम्मीदवार के एजेंट को आपत्ति नहीं होती, उसके बाद प्रक्रिया शुरू होती है।

### काउंटिंग सेंटर पर कितने लोग होते हैं?

चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार मतगणना स्थल के हर एक हॉल में लगे टेबल पर उम्मीदवार की ओर से एक एजेंट मौजूद होता है। किसी एक हॉल में 15 से अधिक एजेंट नहीं होते हैं। एजेंट का चयन उम्मीदवार की ओर से किया जाता है और जिला निर्वाचन अधिकारी को उसका नाम, फोटो और अन्य जानकारी शेयर की जाती है।

### काउंटिंग सेंटर के अंदर कौन जा सकता?

काउंटिंग सेंटर के अंदर मतगणना कर्मचारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सुरक्षा कर्मी और एजेंट ही जा सकते हैं। जब तक वोटों की गिनती पूरी नहीं हो जाती तब तक किसी भी एजेंट को बाहर आने की इजाजत भी नहीं होती है। इसके अलावा किसी को अंदर मोबाइल ले जाने की इजाजत भी नहीं होती है। यदि किसी एजेंट को वोटिंग के दौरान गड़बड़ी की आशंका होती है तो वह रिकाउंटिंग की मांग कर सकता है।
काउंटिंग के बाद ईवीएम का क्या होता है?
काउंटिंग पूरी होने के बाद ईवीएम दोबारा स्ट्रांग रूम में रख दी जाती है। काउंटिंग के 45 दिनों तक ईवीएम को स्ट्रांग में रूम में रखना होता है। इसके बाद इसे दूसरे स्टोर में शिफ्ट कर दिया जाता है।

## चुनाव जिताने का माद्दा रखते हैं सामाजिक गठबंधन

# पीडीए, बाप से लेकर अजगर तक... रोचक सामाजिक गठबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के आज मंगलवार को नतीजे आएंगे। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में अलग-अलग राज्यों में कई तरह के सामाजिक गठबंधन बने हैं। चुनाव के दौरान तमाम अलग-अलग लोगों के समूह एक सामाजिक गठबंधन बनाते हैं और ऐसे गठबंधन किसी पार्टी को पहले नंबर पर भी ले जा सकते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में विपक्ष के नेता अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव ने अलग सामाजिक गठबंधन बनाए। अखिलेश ने उत्तर प्रदेश में पीडीए (पीडीए) और तेजस्वी यादव ने बिहार में बाप नाम से सामाजिक गठबंधन तैयार किया।

### पुराने एमवाय समीकरण से आगे बढ़े अखिलेश

इस लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के सामने समाजवादी पार्टी को मुलायम सिंह यादव के द्वारा बनाए गए मुस्लिम-यादव (एमवाय) समीकरण से आगे ले जाने की चुनौती थी। उन्होंने इस दिशा में कोशिश की और पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय को लेकर पीडीए का फार्मूला दिया। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और इस बार उसने यादव समुदाय के सिर्फ पांच लोगों को टिकट दिया है। यह सभी मुलायम सिंह यादव के सैफई परिवार से संबंध रखते हैं। सपा ने इस बार चुनाव मैदान में कुर्मी समुदाय के 10 नेताओं को, कुशवाहा, मौर्य, शाक्य, सैनी समुदाय के नेताओं को 6, निषाद समुदाय को तीन, ब्राह्मण समुदाय को चार और पाल समुदाय को एक टिकट दिया है।





### तेजस्वी का बाप समीकरण

जैसे मुलायम सिंह यादव का उत्तर प्रदेश में आधार मुस्लिम-यादव (एमवाय) समीकरण है, इसी तरह लालू प्रसाद यादव को बिहार में मुस्लिम-यादव मतदाताओं का समर्थन मिलता है। लेकिन इस बार लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने एमवाय समीकरण से आगे बढ़ते हुए इसे **B**आप समीकरण तक ले जाने की कोशिश की है। इसमें उन्होंने **B** से बहुजन (दलित), ए से अगड़ा, ए से आधी आबादी यानी महिलाएं और **P** से पिछड़ों को शामिल किया है। उत्तर प्रदेश और बिहार में पिछड़े वोटों को एकजुट करने की लड़ाई मंडल की राजनीति से आगे मुलायम सिंह और लालू प्रसाद यादव तक जाती है। 1960 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (एसएसपी) ने खेती करने वाली पिछड़ी और कारीगर जातियों के लिए आरक्षण की मांग की थी। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने पिछड़े पावें 100 में 60 का नारा दिया था।

### बिहार में 'भूरा बाल साफ करो' का नारा

1989 के बाद मुलायम सिंह और लालू प्रसाद यादव ने मुस्लिम-यादव के समीकरण पर गठबंधन बनाए और वह अपने-अपने राज्यों में मुसलमानों के नेता बनकर उभरे और खुद को अगड़ी जातियों के खिलाफ आक्रामक ढंग से खड़ा किया। जब बिहार में लालू प्रसाद यादव का शासन था तो आरजेडी ने भूरा बाल साफ करो जैसा भड़काऊ नारा दिया था।

### अजगर समीकरण से हुआ कांग्रेस को नुकसान

*लोहिया के नारे ने गैर कांग्रेसी नेताओं की पीढ़ी को खड़ा किया। उत्तर प्रदेश में जाट नेता चौधरी चरण सिंह ने सरकार बनाई और फिर अपना राजनीतिक दल भी बनाया। चौधरी चरण सिंह का सामाजिक गठबंधन अजगर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। अजगर का मतलब था- अहीर, जाट, गुर्जर और राजपूत।चरण सिंह जब कांग्रेस में थे तभी से उन्होंने ग्रामीण इलाकों और किसानों के बीच आधार बनाने की कोशिश शुरू कर दी थी। वह गैर जाट जातियों में भी काफी लोकप्रिय थे। राजीव गांधी के खिलाफ जब वीपी सिंह ने बगावत की थी तो अजगर के फार्मूले का विस्तार पूरे उत्तर भारत में किया गया। ओबीसी और राजपूत समुदाय के गठजोड़ की वजह से उत्तर भारत में कांग्रेस कमजोर होती चली गई।*

### डीएस-4 समीकरण

1981 में कांशीराम ने दलित शोषित समाज संघर्ष समिति यानी **DS**4 समीकरण बनाया था। इसमें उन्होंने सभी वंचित समुदायों के लोगों को जोड़ने की कोशिश की थी। उनका प्रसिद्ध नारा था ब्राह्मण ठाकुर बनिया चोर, बाकी सब हैं डीएस-4। कांशीराम ने बहुजनों को अपना सामाजिक आधार बनाया और बहुजन समाज पार्टी के नाम से राजनीतिक दल खड़ा किया। उन्होंने अगड़ी जातियों पर हमला बोला। 1993 में कांशीराम ने मुलायम सिंह यादव की पार्टी सपा से गठबंधन किया और इसने बीजेपी को यादव समुदाय से इतर ओबीसी समुदाय के और जाटव समुदाय से इतर दलित जातियों के नेताओं को आगे बढ़ाने पर मजबूर किया।



**मुंबई में भाजपा समर्थक**

मुंबई। लोकसभा चुनाव के नतीजों की पूर्व संध्या पर मुंबई, महाराष्ट्र में भाजपा समर्थक मिठाई बनाते हुए।



**चिकमगलुरु में वोटिंग**

चिकमगलुर। कर्नाटक विधान परिषद चुनाव के दौरान चिकमगलुरु में मतदान केंद्र पर सोमवार को वोट डालने के लिए कतार में खड़े लोग।

## मौजूदा लोकतंत्र के पर्व में 88.4 लाख दिव्यांग मतदाताओं ने की शिरकत

# इस बार दिव्यांग वोटरों ने की बढ़-चढ़कर वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में हुए लोकसभा चुनाव के मंगलवार को नतीजे आ रहे हैं। इस चुनाव में एक रोचक बात देखने में आई है। इस चुनाव का एक दिलचस्प पहलू यह है कि अब इस देश का दिव्यांग समाज काफी जागरूक हो चुका है। असल में यंग लीडर्स फॉर एक्टिव सिटीजनशिप (वायएलएसी) और निपमैन फाउंडेशन ने एक रिसर्च की है, उसमें बतया गया है कि इस बार दिव्यांग वोटरों ने काफी बढ़ चढ़कर वोटिंग की है। उनकी तरफ से काफी सक्रिय रूप से इस लोकतंत्र के पर्व में भूमिका निभाई गई है। उनका आंकड़ा कहता है कि 88.4 लाख मतदाता इस बार दिव्यांग थे। ये आंकड़ा ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए बन जाता है क्योंकि यह सिंगापुर की कुल आबादी से 1.45 गुना ज्यादा है। एक आंकड़ा ये भी है कि हर 10 दिव्यांग वोटर में से 4 दिव्यांग तो महिला थीं, यानी कि आधी आबादी यहां भी बाजी मारती दिख रही है।

## वायएलएसी, निपमैन फाउंडेशन के रिसर्च में खुलासा, हर 10 दिव्यांग में से थीं 4 महिला वोटर



### दिव्यांग समाज के लिए अलग मेनिफेस्टो

अब चुनाव आयोग ने अपने स्तर पर ऐसे वोटरों के लिए कुछ सुविधाएं जरूर दी हैं, इसका सबसे बड़ा उदाहरण तो घर से मतदान करने का अधिकार है। लेकिन फिर भी उनकी असल स्थिति को नहीं समझा जा सकता क्योंकि चुनाव आयोग ही अलग से उनका कोई डेटा जारी नहीं करता है। हैरानी की बात ये है कि इस देश में अभी भी दिव्यांग वोटरों का कोई खास प्रतिनिधित्व नहीं दिख रहा है।

### सीपीआईएम का साइन लैंग्वेज में घोषणा पत्र

अगर आगामी चुनाव की ही बात करें तो सिर्फ पैरालंपिक वर्ल्ड चैंपियन देवेंद्र झझरिया राजस्थान के चुरू से चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन उनके अलावा कोई दूसरा दिव्यांग चुनावी मैदान में खड़ा नहीं दिख रहा है। इस समय सिर्फ सीपीआईएम एक ऐसी पार्टी है जो कम से कम अपने घोषणा पत्र को साइन लैंग्वेज में भी जारी करती है, उस वजह से दिव्यांग समाज तक उनके वादे पहुंच पाते हैं।

### वोटर टर्नआउट का डेटा

जानकार कहते हैं, अभी के लिए जो कदम उठाए गए हैं, उन्हें सिर्फ एक शुरुआत माना जा रहा है, असल उद्देश्यों तक पहुंचने के लिए कई और बड़े कदमों की जरूरत है। इस बारे में वायएलएसी के को फाउंडर रोहित कुमार कहते हैं कि दिव्यांग लोगों का अभी ना राजनीतिक प्रतिनिधित्व और ना ही वोटर टर्नआउट को लेकर पर्याप्त डेटा मौजूद नहीं है। एक नागरिक के तौर पर जरूर चुनाव आयोग के कुछ फैसलों का स्वागत किया जाएगा, लेकिन इस समाज की असल समस्याओं को समझने के लिए और ज्यादा डेटा की जरूरत पड़ने वाली है। इस बात पर सहमति जताते हुए निपम फाउंडेशन के फाउंडर निपुन मल्होत्रा कहते हैं कि सही दिशा में कदम जरूर उठाए गए हैं, लेकिन यह सिर्फ एक शुरुआत है। उनके मुताबिक 2011 की मतगणना को आधार माना जाए तो अभी भी दिव्यांग समाज का एक बड़ा वर्ग देश का वोटर नहीं बन पाया है, उसे अभी तक रेजिस्टर नहीं किया गया है, ऐसे में इस डिपार्टमेंट में काफी सुधार की गुंजाइश है।

रायपुर
मंगलवार, 4 जून 2024
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 22, अंक : 316
पृष्ठ : 14+4+4 = 22, मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 40.6
न्यून. 28.9



6 'इनसाइड आउट 2' में सुनने मिलेगी...

विचार पेज
2 आज नया कीर्तिमान रचेगा लोकतंत्र

# दूध में महंगाई का ऐसा उबाल, किसानों से 35 में लेकर कंपनियां 68 रुपए लीटर बेच रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश और अपने प्रदेश में ज्यादातर सेक्टरों में घरेलू सामानों को लेकर महंगाई का बड़ा दौर चल रहा है। उत्पादक और कारोबारी पूरा सिंडीकेट बनाकर दाम तय करके उपभोक्ताओं के लूटने में लगे हैं। इसी कड़ी में अब दूध की बारी भी एक बार फिर आई है। दूध में भी अपने राज्य के साथ देशभर में महंगाई का उबाल आ गया है। अमूल दूध ने सोमवार से कीमत में दो रुपए का इजाफा कर दिया। अब बाकी कंपनियां भी दाम बढ़ाने की तैयारी में हैं। सबसे अहम बात यह है कि छत्तीसगढ़ में किसानों से 35 रुपए में दूध लिया जा रहा है और इसे 68 रुपए लीटर बेचा ▶▶|शेष पेज 3 पर

खास खबर

### मदर डेयरी ने और बढ़ाए दाम

*मदर डेयरी ने दूध के दाम एक लीटर में दो रुपए पिछले साल ही बढ़ा दिए थे। अब अमूल ने भी दो रुपए दाम बढ़ाए हैं, तो मदर डेयरी ने भी प्रति लीटर 2 रुपए दाम बढ़ा दिए हैं। वचन के दाम अभी नहीं बढ़े हैं, लेकिन कुछ दिनों में जरूर इसकी कीमत भी बढ़ेगी। छत्तीसगढ़ के सरकारी ब्रांड देवभोग दूध के भी दाम भी बढ़ जाएंगे। अन्य कंपनियां भी दाम बढ़ा देंगी। पहले एक कंपनी दाम बढ़ाती है, फिर इसके बाद बाकी कंपनियां भी दाम बढ़ाती चली जाती हैं।*

## अमूल और मदर डेयरी ने दूध के दाम बढ़ाए, अन्य कंपनियां भी बढ़ाने की तैयारी में

### किसानों को नहीं मिल रही उचित कीमत

किसानों का दूध की उचित कीमत नहीं मिल रही है। किसानों से कम कीमत में दूध लेकर कंपनियां ज्यादा कीमत में दूध बेच रही हैं। किसानों को ज्यादा कीमत मिलनी चाहिए।

- **साधराम पटेल,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ दूध उत्पादक संघ



2022-23 में चार बार में बढ़ाए गए थे 8 रुपए दाम

### फैट कम तो कीमत भी कम

*किसानों का दूध लेते समय दूध की जांच की जाती है। अगर फैट कम पाया जाता है तो कीमत सीधे आधी कर दी जाती है। ऐसा दूध 16 से 17 रुपए में लिया जाता है। जानकारों का कहना है, किसानों के दूध में फैट कम होने की बात कहते हुए भी अधिकारी कम कीमत पर दूध ले लेते हैं और ये दूध दूसरी कंपनियों को बेच दिया जाता है।*

### गुणवत्ता पर भी सवाल

*देवभोग दूध की ब्रिकी कम होने और उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है। देवभोग दुग्ध पार्लर संघ के अध्यक्ष शिव दत्ता का कहना है, दूध बहुत ज्यादा पतला आ रहा है। इसी के साथ दूध लगातार फट भी रहा है। ग्राहक लगातार शिकायत कर रहे हैं, हम लोग भी कंपनी से कहते हैं, लेकिन गुणवत्ता को सुधारा नहीं जा रहा है।*

### देवभोग को अब आधा दूध

*चार साल पहले 2018-19 में देवभोग को किसान एक लाख लीटर से ज्यादा दूध की आपूर्ति करते थे, लेकिन जहां किसानों को दूध की कीमत सही नहीं मिलती थी, वहां पैसे भी डेढ़ माह से पहले नहीं मिलते। ऐसे में किसानों ने हाथ खड़े कर दिए और देवभोग को दूध देना कम कर दिया। इस समय किसान देवभोग को 50 से 55 हजार लीटर दूध दे रहे हैं। बाकी दूध किसान सीधे दूसरी कंपनियों को बेच रहे हैं। इसकी कीमत 35 रुपए ही मिल रही है, लेकिन यह कीमत तत्काल मिल जाती है।*

## खबर संक्षेप

### रेव पार्टी, तेलुगु फिल्म अभिनेत्री हेमा गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु 'रेव पार्टी' मामले की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा ने सोमवार को तेलुगु फिल्म अभिनेत्री हेमा से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस पार्टी का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक सिटी के निकट एक फार्म हाउस में 19 मई को किया गया था। सीसीबी ने हेमा को सोमवार को अपने दफ्तर बुलाया था।

### नदी में नहाने गए तीन व्यक्ति डूबे



**खेड़ा।** गुजरात के खेड़ा जिले में एक नदी में नहा रहे तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना रविवार शाम सेवालिया गांव में हुई, जब कुछ मित्र महिसागर नदी में नहाने गए थे। ये लोग अहमदाबाद से आए थे। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने नदी से देर शाम एक शव को निकाल लिया जबकि दो शव सोमवार सुबह बरामद हुए।

### अमेरिका में भारतीय छात्रा लापता



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में पिछले सप्ताह से 23 वर्षीय एक भारतीय छात्रा के लापता होने का ताजा मामला सामने आया है। पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए आम लोगों से भी मदद मांगी है। पिछले काफी समय से भारतीय विद्यार्थियों के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सैन बेर्नार्डिनो की छात्रा नितीशा कंदुला 28 मई को लापता हुई थी।

### वंदे भारत के बाद आ रही एयर टैक्सी



**नई दिल्ली।** सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के बाद अब देश को एयर टैक्सी की सौगात भी जल्द मिलने जा रही है। खबर है कि उड्डयन मंत्रालय अर्बन एयर मोबिलिटी प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। हालांकि, सरकार की तरफ से आधिकारिक तौर पर इसे लेकर कुछ नहीं कहा गया है। कहा जा रहा है कि 2026 तक भारत को एयर टैक्सी के लिहाज से बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

### कार ने बाइक को टक्कर मारी, दो की मौत, तीन घायल



**मुंबई।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर में सोमवार को एक चौराहे पर तेज रफ्तार कार ने दोपहिया वाहनों को जोरदार टक्कर मारी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 72 वर्षीय वसंत चव्हाण कार चला रहे थे। यह दुर्घटना राजारामपुरी में अपराह्न सवा दो बजे हुई। इस हादसे में चव्हाण घायल हो गए थे।

## लोकसभा रिजल्ट से एक दिन पहले बाजार 2700 अंक उछला

# शेयर बाजार गुलजार, एक दिन में निवेशकों ने कमाए 13 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

*'एग्जिट पोल' के बाद सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733 अंक के उछाल के साथ नए शिखर पर बंद हुआ। शनिवार को 'एग्जिट पोल' में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की बड़ी जीत के अनुमान के बाद बाजार में यह तेजी आई है। एक अनुमान है कि एक ही दिन में निवेशकों को करीब 13.7 लाख करोड़ का फायदा हुआ है।*

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 76,468.78 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले तीन साल में एक दिन में सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 2,777.58 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 76,738.89 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत उछलकर अपने अबतक के सर्वोच्च स्तर 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक यानी 3.58 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 23,338.70 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस 'एग्जिट पोल' में भी भाजपा नीत राजग सरकार की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था।

खास खबर



**खास बातें**
- सेंसेक्स 76,468 और निफ्टी 23,263 के स्तर पर बंद
- सेंसेक्स, निफ्टी तीन प्रतिशत चढ़कर नये शिखर पर

### 'मोदी की गारंटी' पर दौड़ा शेयर बाजार, तीन साल की सबसे बड़ी तेजी देखी गई

### इनमें उछाल

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और पावरग्रिड नौ प्रतिशत से अधिक उछले। लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ सन फार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, नेस्ले और इन्फोसिस के शेयर नुकसान में रहे।

### यादगार जीत की उम्मीद

*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एग्जिट पोल ने मौजूदा सरकार की यादगार जीत की उम्मीद जताई है। इसके साथ सुधारों की गति जारी रहने की उम्मीद से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में जोरदार तेजी रही। नायर ने कहा कि व्यापक स्तर पर जो तेजी आई है, वह आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। इसका कारण पूंजी प्रवाह का बढ़ना है, जो पिछले तीन महीनों से बाजार से दूरी बनाये हुए था।*

### विदेशी बाजारों का ऐसा हाल

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजार शुरुआती कारोबार में बढ़त में थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को लाभ के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 1,613.24 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।*

### मझोली कंपनियों ने भी दिखाया दम



मझोली कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला 'बीएसई मिडकैप' 3.54 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक 'स्मालकैप' 2.05 प्रतिशत चढ़ गया। दोनों सूचकांक कारोबार के दौरान नये शिखर पर पहुंच गये थे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण उछलकर 4,25,91,511.54 करोड़ रुपये पहुंच गया। वहीं एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 422.28 लाख करोड़ रुपये रहा। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 8.2 प्रतिशत रही। इसके साथ ही भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा।

## 17 लाख के ईनामी 5 हार्डकोर नक्सलियों ने किया समर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले में सक्रिय पीएलजीए बटालियन नंबर एक के नक्सली दम्पति समेत दक्षिण बस्तर डिवीजन में सक्रिय पांच हार्डकोर ईनामी माओवादियों ने सोमवार को समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 8 लाख का ईनामी मड़कम पाण्डू (पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 सप्लाई टीम डिप्टी कमाण्डर व पीपीसीएम, 5 लाख का ईनामी ताती मडकम मासा ▶▶|शेष पेज 3 पर

### पूना नर्कोम अभियान से हुए प्रभावित

सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ सुनीत कुमार राय, अरविंद राय के मार्गदर्शन व एसपी सुकमा किरण चव्हाण के निर्देश पर जिले में पूना नर्कोम अभियान चलाया जा रहा है।

### कई संगीन मामलों में थे शामिल

समर्पित नक्सली वर्ष 2017 में ग्राम टोण्डामरका मुठभेड़ व फायरिंग, वर्ष 2017 माह दिसम्बर में ग्राम दुरमा के जंगल में पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़, वर्ष 2018 में पीएलजीए कंपनी नम्बर-01, प्लाटून नम्बर-01 के लगभग 25-30 सशस्त्र माओवादी सदस्यों द्वारा ग्राम साकलेर डेम के पास स्थित ▶▶|शेष पेज 3 पर

**पुलवामा में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी**

# आतंकियों पर कहर बनकर टूटी सेना, मार गिराए लश्कर के दो कमांडर



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

लोकसभा चुनाव रिजल्ट से एक दिन पहले जम्मू कश्मीर में बड़ी हलचल हुई है। पुलवामा में घुसपैठ की सूचना पर सेना की टीम आतंकवादियों पर कहर बनकर टूट पड़ी है। कश्मीर जोन की पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पुलवामा के निहामा इलाके में तलाशी अभियान के दौरान लश्कर के आतंकियों ने सेना पर फायरिंग की है। इसके बाद दोनों ओर से मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इलाके की तलाशी के दौरान लश्कर के दो आतंकी छिपे हुए थे। जब सेना की टीम ने मौके पर रेड मारी तो आतंकियों ने सेना पर फायरिंग कर दी। आतंकवादियों के सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई है।

### दोनों आतंकी पुलवामा निवासी

अधिकारी के अनुसार, गोलीबारी जारी है और अभी तक दोनों पक्षों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दोनों आतंकवादियों की पहचान रईस अहमद और रेयाज अहमद डार के रूप में हुई है। ये दोनों दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के निवासी हैं।

### पिछले महीने भी मार गिराए थे आतंकी

*पिछले महीने भी कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया गया था। उसकी पहचान दानिश ऐजाज शेख के रूप में हुई थी। दानिश श्रीनगर के अहमदनगर में अलनूर कॉलोनी, इलाहीबाग का रहने वाला था। एक दिन पहले जम्मू कश्मीर पुलिस ने बारामूला में वानीगाम बाला के गुलाम हसन नाम के एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 12 किलोग्राम हरा पोस्त पदार्थ बरामद किया गया था।*

*ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता को गोपनीय सूचना पाकिस्तान को देने के मामले में उम्रकैद*

# पाक के लिए जासूसी, ब्रह्मोस के पूर्व इंजीनियर को उम्रकैद

एजेंसी ▶▶| नागपुर

नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत के आदेश के मुताबिक अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी और उसपर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी.देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि ▶▶|शेष पेज 3 पर



### 2018 में हुई थी गिरफ्तारी

2018 में जब अग्रवाल की गिरफ्तारी हुई थी, तब उस खबर ने हलचल मचा दी थी क्योंकि यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा यह पहला जासूसी का मामला था। तब आरोप लगे थे कि अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट - नेहा शर्मा और पूजा रंजन के जरिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था।

### मिला था यंग साइंटिस्ट अवार्ड

निशांत अग्रवाल बहुत ही मेधावी इंजीनियर था। उसे डीआरडीओ का यंग साइंटिस्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। वह एनआईटी कुरुक्षेत्र का छात्र रहा है। चार्जशीट के मुताबिक उसके लैपटॉप से बेहद गोपनीय फाइलें मिली थीं। लैपटॉप में मौजूद तकनीकी जानकारियों को विदेशों को भेजने के सबूत मिले।

**पूरक आरोप पत्र: 1100 करोड़ रुपए का हुआ शराब घोटाला**

# ईडी का दावा कविता ने आप को दिए 100 करोड़!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ईडी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा की अदालत में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ दाखिल अपने पूरक आरोपपत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। ईडी ने आरोप लगाया है कि कथित शराब घोटाले में 1,100 करोड़ रुपए से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। ईडी का कहना है कि 1,100 करोड़ रुपए में से कविता 292.8 करोड़ रुपए के अपराध की आय अर्जित करने में शामिल थी।



### दिल्ली को 581 करोड़ रुपए का नुकसान

*ईडी ने आरोप लगाया है कि कथित आबकारी घोटाले से दिल्ली को 581 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। ईडी ने के. कविता पर मामले में अपनी संलिप्तता को छिपाने के लिए डिजिटल साक्ष्य नष्ट करने का भी आरोप लगाया है। ईडी ने आरोप लगाया कि के. कविता ने अपने मोबाइल फोन का डाटा डिलीट किया।*

**मौसम के दो रंग, छत्तीसगढ़ में समय से पहले मानसून की उम्मीद**

# उत्तर भारत में हीटवेव, बेंगलुरु में टूटा बारिश का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर भारत के लोग एक तरफ जहां भीषण गर्मी से परेशान हैं, वहीं कर्नाटक में भारी बारिश हुई है। बेंगलुरु में 2 जून को 111 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का 133 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग बेंगलुरु के वैज्ञानिक एन. पुवियारसन ने पुष्टि की कि दो जून को पिछले 133 वर्षों में इस महीने में एक दिन की सबसे अधिक बारिश हुई। उन्होंने कहा कि अकेले 1 जून और 2 जून को हुई 140.7 मिलीमीटर वर्षा जून के मासिक औसत से अधिक थी। आईएमडी के अनुसार, दो जून को एक दिन में 111 मिमी बारिश दर्ज की गई जो औसत 110.3 मिमी से अधिक है।



### अगले 2 दिन में भारी वर्षा होने की संभावना

सीएल पाटिल ने कहा कि तटीय कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़, उडुपी और उत्तर कन्नड़, उत्तरी कर्नाटक में बागलकोट, बेलगावी, धारवाड़, गडग, हावेरी, कोप्पल, विजयपुरा और दक्षिण कर्नाटक में बल्लारी, बेंगलुरु (ग्रामीण व शहरी), दावणगेरे, चित्रदुर्ग, हासन, मैसूर, तुमकुरु में अगले 2 दिन में भारी वर्षा होने की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ में होगी राहत की बारिश

*भीषण गर्मी से छत्तीसगढ़ तप रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के 9 जिलों में मौसम में परिवर्तन होगा। मौसम विभाग ने इन जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बलरामपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही, जशपुर, कबीरधाम, कोरिया, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, मुंगेली, सूरजपुर, सरगुजा में अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है।*

### बिहार में ऐसा अलर्ट

मौसम विभाग द्वारा जारी की गई तात्कालिक मौसम चेतावनी, में कहा गया है कि सिवान पटना खासकर मोकामा के कुछ भागों में अगले 1 से 3 घंटे के बीच बारिश होगी। बताया गया है कि वर्षा हल्के या मध्यम दर्जे की हो सकती है लेकिन इसके साथ तेज हवा भी चलेगी। संभावना जताई गई है कि 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। लोगों को आपदा की स्थिति से बचने की सलाह दी गयी है।



## चिंतन

# जनादेश का सभी दल करें सम्मान

आज चुनाव परिणाम आने वाला है। 18वीं लोकसभा के लिए आज जो भी परिणाम आए, लोकतंत्र नया रिकार्ड बनाएगा। जैसा अधिकांश एग्जिट पोल्स में दावा किया गया है, अगर उसी अनुरूप नतीजे आए तो केंद्र में भाजपा नीत राजग की सरकार बनेगी। भाजपा को तीसरी बार अकेले पूर्ण बहुमत मिलेगा, राजग नया इतिहास रचेगा। मोदी 3:0 शुरू होगा। अगर एग्जिट पोल्स के अनुमान गलत साबित होते हैं और केंद्र में कांग्रेस नीत गठबंधन की सरकार बनती है, तो भी नया कीर्तिमान होगा। वर्ष 2014 की तरह दस वर्ष बाद सत्ता बदल जाएगी। कांग्रेस मजबूत होगी, राहुल गांधी की नेता के तौर पर स्वीकार्यता बढ़ेगी। माना जाएगा कि कांग्रेस के वादे और राहुल गांधी की दो पदयात्रा का लाभ जनादेश के रूप में इंडी गठबंधन को मिला है। नतीजे जो भी हो, लेकिन मतगणना से ठीक एक दिन पहले जिस तरह भारतीय शेयर बाजार झूमा है, सेंसेक्स तीन प्रतिशत बढ़त के साथ 2500 अंक चढ़ा है, निफ्टी में 733 अंक का उछाल आया है, उससे लगता है कि बाजार को एग्जिट पोल्स के अनुमान पर भरोसा है और बाजार मानकर चल रहा है कि चुनाव में सफलता भाजपा को ही मिलेगी। केंद्र में बहुमत की मजबूत सरकार बनेगी। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस 'एग्जिट पोल' में भी आम चुनाव में भाजपा नीत राजग सरकार की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था। शनिवार को आये एग्जिट पोल के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता संभाल सकते हैं। भाजपा नीत राजग सरकार के भारी बहुमत के साथ लोकसभा चुनाव जीतने का अनुमान है। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से शेयर बाजार में सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। केंद्रीय चुनाव आयोग ने सफल आयोजन के लिए नागरिकों का आभार जताया है। आयोग ने सबक भी लिया है कि इस बार चुनाव कराने का इतना लंबा शेडयूल रखना ठीक नहीं था। अत्यधिक गर्मी के चलते मतदान में कमी दर्ज की गई, तो कई मतदान कर्मियों की जान चली गई। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने वादा किया है कि अगला आम चुनाव अप्रैल तक करा लिया जाएगा। आयोग ने कांग्रेस की डाक मतपत्रों की गिनती ईवीएम से पहले करा लेने की मांग भी मानकर चुनाव को अधिक पारदर्शी व विश्वसनीय बनाने का प्रयास किया है। विपक्ष की मांग मानने से आयोग पर सवाल नहीं उठेंगे। इस चुनाव में अगर नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे तो वे देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। यदि वर्ष 2004 की तरह ही कुछ ऐसे चौंकाने वाले नतीजे सामने आएंगे, जिसकी उम्मीद विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन कर रहा है, तो मोदी नेहरू के रिकार्ड की बराबरी करने से चूक जाएंगे। राष्ट्रीय क्षितिज पर कमजोर होते जा रहे विपक्ष के लिए इस चुनाव में सब कुछ दांव पर लगा हुआ है। बहुमत नहीं मिला तो कांग्रेस एक दल के रूप में अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष करेगी, नेता के तौर पर राहुल गांधी के दिन और कठिन होंगे। सबसे चिंता की बात है कि इस बार चुनाव प्रचार के दौरान धर्म व जाति के आधार पर ध्रुवीकरण देखने को मिला है, प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए यह स्थिति ठीक नहीं है। धर्म व जाति विभाजनकारी तत्व हैं। इस वर्ष का चुनाव 'सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाले चुनावों में एक' है। आज चुनाव नतीजे जो भी आए, सभी दल उसका सम्मान करें, मतदाताओं का अपमान न करें।

## फैसला आज

प्रभात झा



# बहुमत का नया रिकार्ड बनाएंगे नरेन्द्र भाई मोदी

भारतीय राजनीति में आजादी के बाद सर्वाधिक समय प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू रहे। वे लगभग साढ़े सत्तरह साल तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। उसके बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी भी पंद्रह साल तीन सौ पचास दिन प्रधानमंत्री रहीं। भारतीय जनसंघ की स्थापना से भाजपा के अब तक के इतिहास में प्रधानमंत्री के पद पर पहले तेरह दिन, दूसरी बार तेरह महीने और तीसरी बार साढ़े चार वर्ष के करीब स्व. अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री रहे। अपने जीवन में जब वे कानपुर में स्नातकोत्तर और लॉ की पढ़ाई करने गए, तो उसके बाद वे संडीला जो उत्तरप्रदेश में एक स्थान है, वहां कुछ समय के लिए प्रचारक के रूप में रहे। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि अटल जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवक एवं कुछ समय प्रचारक रहे, ऐसे राजनेता भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके कार्यकाल में बात इतनी सी रही कि वे पूर्ण बहुमत वाली भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं रहे। नरेन्द्र मोदी भारतीय राजनीति में पच्चीस वर्ष बाद ऐसे प्रधानमंत्री बने जो अपनी पार्टी भाजपा के पूर्ण बहुमत के आधार पर पहले प्रधानमंत्री बने। साथ ही उन्हें एनडीए का समर्थन था।

4 जून 2024 को आम चुनाव 2024 का परिणाम आएगा। 18वीं लोकसभा का गठन होगा। अब तक आए सभी चैनलों के चुनाव पूर्व अनुमान यह साफ संकेत दे रहे हैं कि भाजपा पूर्ण बहुमत से तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है और नरेन्द्र भाई मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। अगर गणित लगाएंगे तो वे जनसंघ से भाजपा में रहे प्रधानमंत्री अटल जी के कार्यकाल से तो काफी आगे सन 2014 और 2019 के साथ-साथ अब सन 2024 में भी रहेंगे। अटल जी और नरेन्द्र भाई मोदी में जो समानता है कि अटल जी भी संघ के स्वयं सेवक और कुछ समय तक प्रचारक रहे। वहीं नरेन्द्र भाई मोदी तो वार्षों तक संघ के प्रचारक रहे और प्रचारक के नाते भाजपा के संगठन महामंत्री भी रहे। नरेन्द्र भाई मोदी के मुख्यमंत्री काल को जोड़ लिया जाए तो भारतीय राजनीति में तेरह वर्ष मुख्यमंत्री और दस वर्ष तक प्रधानमंत्री रहने वाले भारत के पहले राजनीतिज्ञ मोदी ही हैं। साथ ही जैसा कि गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी कह रहे हैं, कि सन 2029 में भी नरेन्द्र भाई मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे, तो यहां यह कहने में कोई संकोच नहीं कि वे भारतीय राजनीति के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बन जाएंगे, जो भारत में प्रधानमंत्री पद पर रहने के सारे रिकार्ड तोड़ देंगे। जैसे क्रिकेट की दुनिया में सचिन तेंदुलकर ने इतना बड़ा रिकार्ड बना दिया कि अभी तक विश्व में उसे कोई तोड़ नहीं पाया। ऐसे ही विश्व के लोकतांत्रिक देश के इतिहास में 4 जून 2024 को तो इतिहास रच ही जाएगा। साथ ही वर्ष 2029 में भाजपा और विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय ही नहीं मान्यता और स्वीकार्यता प्राप्त व्यक्तित्व नरेन्द्र भाई मोदी हो जाएंगे। लगातार तीसरी बार बहुमत से अधिक संख्या और हर बार संख्या में बढ़ोत्तरी कर न केवल भाजपा की साख बढ़ी है, बल्कि नरेन्द्र भाई मोदी ने यह सिद्ध किया है कि राजनीति भी एक साधना है, तपस्या है और यदि उन्होंने तपस्वी बनकर प्रधानसेवक की भूमिका निभाते हुए कहा कि मेरे लिए सिर्फ ग्यान (जीवाईएएन) अर्थात 'जी' से गरीब 'वाई' से यूथ 'ए' से अन्नदाता और 'एन' से नारी शक्ति ही सब कुछ है। न में जाति में विश्वास करता हूं और इन चारों के विकास के लिए और विश्व में भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अपना जीवन का एक-एक पल लगा रहा हूं। सच भी है कि अगर वे चुनाव के समय ध्यान में भी गए तो भारत 'ग्यान' के विकास को और मजबूती के साथ ही भारत विश्व में नम्बर एक कैसे बने, इसलिए गए थे। उनकी कल्पना और दूरदृष्टि का भारत ही नहीं, विश्व भी कायल है। यही कारण है कि नरेन्द्र भाई मोदी विरोधियों की चिंता किए बगैर भारत माता को वैभव पर पहुंचाने में रात-दिन लगे रहते हैं।



(लेखक भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आज नया कीर्तिमान रचेगा लोकतंत्र



## चुनाव परिणाम

प्रो. नीलम महाजन सिंह

**वर्ष 2014 में भाजपा को जनता ने पूर्ण बहुमत दिया। भाजपा नीत राजग बेशक एक गठबंधन है, लेकिन भाजपा को अकेले पूर्ण बहुमत मिल रही है। वर्ष 2019 में भी भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ वर्ष 2014 से अधिक सीटें मिलीं। अब वर्ष 2024 में भी एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। अब तक आए एग्जिट पोल्स के मुताबिक, भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत हासिल करने जा रही है। भारतीय राजनीति में तीन खास परिवर्तन हुए हैं। पहला, अब फिर से पूर्ण बहुमत का दौर शुरू हुआ है। दूसरा, चुनाव दर चुनाव भाजपा की सीटें बढ़ी हैं। तीसरा, नरेन्द्र मोदी ऐसा भारतीय राजनेता बनकर उभरे हैं, जिनकी चुनाव दर चुनाव लोकप्रियता बढ़ी है।**

भारतीय राजनीति कई चरणों से गुजरी है। आजादी के बाद तीन दशकों तक प्रचंड बहुमत का दौर रहा। देश ने आपातकाल देखा, कांग्रेस के खिलाफ बहुमत देखा, जनता पार्टी की पहली गैरकांग्रेस सरकार देखी, जो अपने ही विरोधाभास की भेंट चढ़ गई, फिर कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से वापसी हुई। इसके बाद राजनीति के अपराधीकरण का दौर भी चला, फिर नब्बे के दशक में गठबंधन की राजनीति का श्रीगणेश हुआ। इसमें कई राजनीतिक प्रयोग हुए। पीवी नरसिम्हाराव का अल्पमत पर प्रभावी राजनीतिक चरण भी आया। गठबंधन सरकार में ही वीपी सिंह, चंद्रशेखर, एचडी देवगौड़ा, आईके गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी और डा. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। वैकल्पिक राजनीति के मतबूत होते जाने से ही कांग्रेस का जनाधार खिसकता गया। आज कांग्रेस जहां है, उसके लिए जिम्मेदार भी कांग्रेस की पारिवारिक शैली की राजनीति ही रही है। वर्ष 2014 से गठबंधन के बल पर बनने वाली सरकार के युग का अंत माना जा सकता है। भाजपा को जनता ने पूर्ण बहुमत दिया। भाजपा नीत राजग बेशक एक गठबंधन है, लेकिन भाजपा को अकेले पूर्ण बहुमत मिल रही है। वर्ष 2019 में भी भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ वर्ष 2014 से अधिक सीटें मिलीं। सरकार फिर भाजपा नीत राजग की ही बनी। अब वर्ष 2024 में भी एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। अब तक आए एग्जिट पोल्स के मुताबिक, भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत हासिल करने जा रही है। राजग को 2019 से अधिक सीटें मिलेंगी। इस तरह देखें तो भारतीय राजनीति में तीन खास परिवर्तन हुए हैं। पहला, अब फिर से पूर्ण बहुमत का दौर शुरू हुआ है। बेशक सरकार का मुखौटा गठबंधन का हो। दूसरा, चुनाव दर चुनाव सत्ताधारी भाजपा की सीटें बढ़ी हैं, जबकि माना जाता है कि सत्ताधारी दल को एंटीइन्कम्बेंसी के चलते सीटें घटने का खतरा रहता है। भाजपा ने इस स्थापित मिथ को तोड़ा है। इसका कारण है कि भाजपा ने मास राजनीति के सभी रूपक को मजबूत किया है, कास्ट की बजाय क्लास की राजनीति को प्रमुखता दी है, नया लाभार्थी क्लास गढ़ा है। संस्कृति, सोशल ट्रांसफार्मेशन से लेकर विकास तक का विनिंग कॉकटेल तैयार किया है। तीसरा, नरेन्द्र मोदी ऐसा भारतीय राजनेता बनकर उभरे हैं, जिनकी चुनाव दर चुनाव लोकप्रियता बढ़ी है। वे भाजपा के जिताऊ चेहरा हैं। अटल बिहारी वाजपेयी लोकप्रिय राजनेता होने के बावजूद वर्ष 2004 में वापसी नहीं कर पाए थे, जबकि उन्होंने पोखरण 2.0 भी किया था और उनके कार्यकाल में कारगिल विजय हुई थी। मोदी ने भाजपा को नई धार दी है, मोदी की भाजपा वाजपेयी की भाजपा से अलग है। भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत से जीत के साथ भारतीय राजनीति में बहुमत के दौर की फिर से वापसी हो गई है। सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा के नतीजे भी पूर्ण बहुमत के आए हैं। पूर्व के कई विधानसभा चुनाव में भी पूर्ण बहुमत मिला है। केंद्रीय राजनीति में पूर्ण बहुमत के दौर की वापसी सियासत में हो रहे महत्वपूर्ण परिवर्तन को परिलक्षित करती है। लोकतंत्र



परिपक्व हो रहा है, मतदाता सजग हो रहे हैं।

सभी एग्ज़िट पोल का विश्लेषण करें तो 18वीं लोकसभा के लिए भविष्यवाणी साफ है कि भाजपा को दो तिहाई बहुमत मिलेगा और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। यह भारत के राजनीतिक इतिहास में एक विशेष क्षण होगा। भाजपा व एनडीए को बढ़त का मुख्य कारक यह है कि कोई भी ठोस विपक्षी दल नहीं है। जो विपक्षी गठबंधन है, उसके पास कोई मुद्दा या एजेंडा भी नहीं है। यह चुनावी मौसम के गठबंधन हैं। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनावों के पूर्वानुमानों पर राजनीतिक विश्लेषण अलग-अलग हैं, लेकिन इस आम चुनाव में 543 में से 343 से अधिक सीटें भाजपा को मिलेंगी। भाजपा नीत राजग सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। जनता विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. की तुलना में, बीजेपी-एनडीए पर अधिक भरोसा कर रही है, क्योंकि इंडिया आम आदमी के लिए एक व्यवहार्य वैकल्पिक नेता, नीतियाँ व एजेंडा प्रदान करने में विफल रहा। आज 4 जून को जब आम चुनाव के नतीजे आएंगे, हम तथ्यात्मक रूप से यह भविष्यवाणी कर सकते हैं कि भाजपा- एनडीए की वापसी होगी। भाजपा को न तो कोई खास असंतोष का सामना करना पड़ रहा है और न ही विकल्प की कोई मज़बूत मांग है। चुनाव विश्लेषक प्रशांत किशोर ने भी इसी तरह का आंकलन किया है। चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी दलों द्वारा किए गए हमले व्यक्ति केंद्रित रहे। जन से जुड़े वास्तविक मुद्दे विपक्ष के वादों से गायब थे।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने यह आरोप लगाया है कि नरेन्द्र मोदी ने नफ़रत भरे शब्दों से प्रधानमंत्री कार्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। डॉ. मनमोहन सिंह का, केवल मोदी के लिए, ऐसा कहना एक व्यक्तिपरक बयान है। दरअसल, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव और लालू यादव द्वारा, कांग्रेस के लिए किया गया अभियान भी उतना ही नफ़रत भरा था। नरेंद्र मोदी पर विपक्षी पार्टियों के समूह ने जमकर हमला किया था। सच तो यह है कि सार्वजनिक चर्चा काफ़ी हद तक ख़राब हो गई है, इसलिए यह किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं कहा जा सकता। भाजपा का 'अबकी बार 400 पार का नारा' एक चतुर सियासी चाल है। पार्टी ने मतदाताओं में उत्साह पैदा करने के लिए 400+ का नारा दिया। पार्टी को पता है कि उसे इससे कम सीटें मिलेंगी, तो भी उसकी सरकार बन जाएगी, पर 400 पार का नारा देकर विपक्ष को अपने इस नैरेटिव में उलझा दिया। भाजपा ने विमर्श को इस बात पर मोड़ दिया कि भाजपा 400 पार करेगी या नहीं।

नई सरकार को किन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ? मोदी सरकार 3:0 में किसानों से बातचीत करनी होगी। कृषि क्षेत्र, रोज़गार सृजन, एफडीआई में तेजी लाने, स्वास्थ्य सेवा, पाक व चीन से सीमा विवाद का हल, विदेश नीति में और धार, समावेशी विकास के लिए आर्थिक , वैश्वीकरण में भारत की मजबूत भूमिका, राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, नया परिसीमन, जनगणना, डिजिटल इकोनॉमी, हरित विकास, ग्रीन एनर्जी और महिलाओं की सुरक्षा आदि ऐसे अहम क्षेत्र हैं जिन पर नई सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। समान नागरिक संहिता पर आवाम का ध्यान होगा। भाजपा के ये कोर मुद्दे हैं, जो अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है, जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान हट चुके हैं, 35 ए को खत्म कर दिया गया है। इस चुनाव में भाजपा हिंदुत्व की बहस को सनातन से विस्तार दिया है। न संविधान को खतरा है, न आरक्षण व न लोकतंत्र को। भारत की वैश्विक शांति में भूमिका बढ़ेगी। विश्व में जितनी अधिक शांति होगी, विकास उतना अधिक होगा। मोदी सरकर को सर्व-धर्म प्रभुता की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आज परिणाम जो भी हो, नया इतिहास बनेगा।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## समत्वं योग उच्यते



संकलित

**दर्शन**

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित

**प्रेरणा**

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहा: लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछा: क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोला: पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दुग्ध क्षेत्र में सुधार की जरूरत

एक जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन ने वर्ष 2001 में विश्व दुग्ध दिवस मनाने की शुरुआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य दुग्ध डेयरियों को नई पहचान देना और दूध कैसे लाभकारी है, इसके प्रति जागरूकता फैलाना भी है। इस दिवस को दुनिया के बहुत से देशों में मनाया जाता है। डेयरी स्वरोजगार का साधन भी माना जा सकता है। मौजूदा समय में हमारे देश में भी इससे लाखों लोगों की रोजी-रोटी चल रही है। सरकारें भी इसके लिए विशेष योजनाएं अमल में ला रही हैं। हमारे देश में बहुत सी दुग्ध कंपनियां या डेयरियां हैं जो गांवों में दुधारू पशुपालकों के लिए वरदान हैं। इसके बावजूद डेयरी क्षेत्र में अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। **- रंजन गुप्ता**, राजिम

## ट्रेंड

### अच्छा संकेत

मैं अपने सामने सिविल सेवा में समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व देखता हूं। एक समय हमारे समाज के कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्ग जो कभी सपने में भी नहीं सोच सकते थे, वह आपने साकार कर दिखाया है। ये अच्छा संकेत है।

**-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**



### विकास के काम

मैं करुणानिधि जी को 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने तमिल लोगों के विकास के लिए काम किया। उनके विद्वतापूर्ण स्वभाव के कारण उनका व्यापक रूप से सम्मान किया जाता है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### जनमत को धोखा

विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि मीडिया भाजपा को 300 पार दिखाएगा, जिससे घपला करने की गुंजाइश बन सके। पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था बस चैनलों ने चलाया आज है। ये जनमत को धोखा दिया जा रहा है।

**-अखिलेश यादव, सपा नेता**



### बड़ी उपलब्धि

स्टारलिंक ने कल ही 28 एमएस का एक नया आंतरिक औसत विलंबता रिकॉर्ड हासिल किया। ये अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। समूह की इंजीनियरिंग और संचालन टीमों द्वारा बढ़िया काम। किसी भी संस्थान की कामयाबी में उसकी टीम का अहम योगदान होता है। **-एलन मस्क, उद्योगपति**



## करंट अफेयर

# ट्रंप 'टिकटॉक' से जुड़े, कुछ घंटों में 11 लाख फॉलोअर

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे डोनाल्ड ट्रंप लोकप्रिय वीडियो एप 'टिकटॉक' से जुड़ गए है जिस पर उन्होंने व्हाइट हाउस में रहने के दौरान प्रतिबंध लगाने की कोशिश की थी। वह टिकटॉक से ऐसे समय में जुड़े हैं जब उन्हें अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत दोषी पाया गया है। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप ने टिकटॉक पर एक वीडियो में कहा, ''यह एक सम्मान है।'' इस वीडियो में उन्हें शनिवार रात को न्यूजर्सी में 'अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप' मुकाबले में प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए और सेल्फी खिंचवाते हुए देखा गया। रविवार सुबह तक ट्रंप ने इस सोशल मीडिया मंच पर 11 लाख से अधिक 'फॉलोअर' जुटा लिए और उनके पोस्ट को 10 लाख से अधिक लोगों ने पसंद किया और 2.4 करोड़ लोगों ने उसे देखा। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन च्युंग ने उनके टिकटॉक से जुड़ने के बारे में एक बयान में कहा, 'हम किसी भी मोर्चे पर अपनी उपस्थिति नहीं छोड़ेंगे और यह ट्रंप समर्थक और बाइडन रोधी सामग्री देखने वाले युवा दर्शकों तक लगातार पहुंचने का प्रयास है।'



## ऑफ बीट

# तेजी से खत्म हो चुके हैं जीवाश्म ईंधन

ऊर्जा के कार्बन मुक्त स्रोतों ने तेजी से जीवाश्म ईंधन की जगह ले ली है, लेकिन अभी तक सभी लोग इनके इस्तेमाल पर सहमत नहीं हैं। पिछले साल दिसंबर में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी-28) के अंत में अपनाए गए प्रस्ताव को जीवाश्म ईंधन युग के लिए 'अंत की शुरुआत' बताया गया था। हालांकि, इस तरह की घोषणा को बहुत निराशा की दृष्टि से देखा गया था, लेकिन शायद यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। पिछले छह महीनों में इस बात के और भी सबूत मिले हैं कि 'डिकार्बनाइजेशन' (कार्बन-मुक्तिकरण) की नई तकनीकों : पवन, सौर, बैटरी और विद्युत चालित वाहनों के आने से जीवाश्म ईंधन का उपयोग तेजी से कम हो रहा है। ये अब बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे पता चलता है कि उद्यम, सरकारें और समुदाय इस बात को सीख रहे हैं कि शहरों और अन्य क्षेत्रों में इन्हें कैसे लागू किया जाए। सभी जीवाश्म ईंधन या तो स्थिर हो रहे हैं या नकारात्मक वृद्धि दिखा रहे हैं। कोयला, तेल और गैस के अत्यधिक इस्तेमाल से पता चलता है कि उनके इस्तेमाल में गिरावट कितनी तेजी से होगी। जीवाश्म ईंधन 'लॉबी' की प्रतिक्रियाएं मुख्यत : उपहासपूर्ण रही हैं और यह दिखाने के बजाय कि उनमें गिरावट हो रही है और उन्हें इन नई तकनीकों में विविधता लानी चाहिए, उन्होंने और भी बड़े विकास लक्ष्य चुने हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### मामूली बीमारी को...

इतना ही नहीं, लालच की इंतहां यह है कि डॉक्टरों ने आयुष्मान योजना की राशि का क्लेम तो किया ही, साथ ही मरीजों से भी पैसे वसूल लिए। ऐसी शिकायतें मिलीं, जांच हुई और वो जांच रिपोर्ट हरिभूमि के पास है। इसका दूसरा पहलू यह है कि लूट मचाने वाले अस्पतालों की वजह से सही इलाज करने वालों के भी क्लेम रुकते हैं और उसकी वजह से योजना ही प्रभावित हो जाती है। उल्लेखनीय है कि एक ओर अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत किए गए उपचार का भुगतान लंबित होने का रोना रो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर योजना के हितग्राहियों की बीमारी का फायदा उठाकर उनके कार्ड से अलग पैकेज की राशि ब्लाक कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। अस्पताल में इलाज किसी दूसरी बीमारी का कर रहे हैं और पैकेज किसी दूसरी बीमारी का ब्लाक किया जा रहा है। सामान्य दिक्कत वाले मरीजों को गंभीर बताकर उन्हें आईसीयू और आक्सीजन लगाने की जानकारी पोर्टल में एंट्री की जा रही है।

**रायपुर के हेरीटेज में छींक और सर्दी को बनाया गंभीर, आईसीयू में भर्ती** : रत्नी बाई नाम की मरीज सर्दी, खांसी, छींक जैसी परेशानी में अस्पताल पहुंची। उसे गंभीर बताते हुए आईसीयू में दाखिल कर दिया गया। जांच में पाया गया कि आईसीयू में भर्ती कराने की जरूरत ही नहीं थी। जांच में यह उल्लेख किया गया है कि इलाज के पैसे लेने लिए दस्तावेजों में भी गड़बड़ी की गई।करीब दस मामले पाए जाने के बाद नोटिस जारी किया गया है।

**रायपुर में इसी तरह की थोक में शिकायतें** : रायपुर के कई अस्पतालों में मरीजों को भर्ती दिखाकर कार्ड से पैसे क्लेम करने की शिकायतें मिली हैं। सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल, सीआईएमटी हास्पिटल, हेरिटेज अस्पताल, सत्यम अस्पताल, श्री राम मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल, अंकुर अस्पताल, साईं समर्थ अस्पताल जैसे कई अस्पतालों में इसी तरह की शिकायतों की जांच की गई है। सामान्य मरीजों को आईसीयू में भर्ती बताकर कार्ड से पैसों का क्लेम किया गया है।

बिलासपुर के सराफ ईएनटी अस्पताल, प्रभा हास्पिटल एवं ट्रामा केयर, ओंकार अस्पताल, आरबी इंस्टीट्यूट, यशोदा अस्पताल, आरबी हास्पिटल , किम्स अस्पताल में मरीजों को भर्ती कराकर पैसों का क्लेम किया गया है। ऐसी भी शिकायतें हैं कि एक ही बीमारी का इलाज बताकर अलग अलग क्लेम किया गया है। इन्हें तीन दिन में जवाब देना होगा। जवाब के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### इंतजार खत्म, आज...

गठबंधन का पलड़ा भारी है। इसके अलावा कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना रहा है कि सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए दांव पर यही है कि उसकी जीत कैसी होती है और किन-किन नए क्षेत्रों में वह अपने पैर पसार पाती है, जबकि राष्ट्रीय क्षितिज पर लगातार कमजोर होते जा रहे विपक्ष के लिए इस चुनाव में सब कुछ दांव पर लगा हुआ है। अंतिम चरण के मतदान के बाद ज्यादातर 'एग्जिट पोल' के पूर्वानुमानों में राजग गठबंधन को 400 पार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के करीब दिखाया गया है, वहीं 'इंडिया' गठबंधन के लिए 180 सीटों के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान जताया गया है। अतीत में जाकर हम देखें तो चुनावी फैसलों को सभी राजनीतिक दलों द्वारा स्वीकार किया गया है, हालांकि कभी भी निर्वाचन आयोग पर ऐसे गंभीर आरोप नहीं लगे जैसा कि इस बार के चुनाव में विपक्षी दलों ने उस पर लगाए हैं। मतगणना से पहले, एग्जिट पोल में सत्तारूढ़ गठबंधन की भारी जीत का पूर्वानुमान व्यक्त किये जाने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्षी खेमों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। कड़वाहट भरे लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्जिट पोल' को 'मोदी मीडिया पोल' कहकर सरसरी तौर पर खारिज कर दिया है। कांग्रेस का दावा है कि विपक्ष को 295 सीटें मिलेंगी और विपक्षी गठबंधन अपनी सरकार बनाएगा। हालांकि, मंगलवार ही बताएगा कि आज किसका मंगल होगा? दोपहर 12 बजे तक रुझान आने शुरू होंगे। करीब 2 बजे से नतीजे आने शुरू हो जाएंगे। ईवीएम के वीवीपैट से मिलान, वीवीपैट पर्ची काउंटिंग और पोस्टल बैलट जोड़ने के बाद फाइनल रिजल्ट शाम 6 बजे तक घोषित होने की संभावना है।

### सीएम साय ने...

का ठीकरा फोड़ेंगे। छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकारों की क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, हम लोगों ने भी प्रीमियर लीग खेला है, जिसका परिणाम 4 जून को आने वाला है। हम लोग 400 रन बनाने वाले हैं, इसका पूरा विश्वास है।

### इंडिया गठबंधन को...

का 4 जून को एग्जिट होना तय है, उसने ये एग्जिट पोल्स मैनेज करवाए हैं। इंडिया गठबंधन को निश्चित रूप से कम से कम 295 सीटें मिलेंगी। बिल्कुल स्पष्ट और निर्णायक बहुमत गठबंधन को मिलेगी, निवर्तमान गठबंधन सिर्फ आज निश्चिंत रहे।

### छग की 11 सीटों का...

142 राउंड की मतगणना होगी, जबकि सबसे ज्यादा 175 राउंड की काउंटिंग रायपुर में होगी।राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि 33 जिलों में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर 11 लोकसभा सीटों की गिनती होगी। मतगणना स्थल पर थ्री लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों की 33 कंपनियां तैनात रहेंगी। सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और जिला पुलिस बल के जवान और अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। स्ट्रॉन्ग रूम पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा गया है। पहले लेयर में प्रवेश करने वाले की पहचान की जांच करने के लिए एक सीनियर मजिस्ट्रेट के साथ स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा। काउंटिंग सेंटर पर धारा 144 लागू रहेगी। सभी मतगणना केंद्रों में सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल से 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग होगी, जहां से पैदल चलकर मतगणना केंद्र तक पहुंचा जा सकता है। मतगणना केंद्र में प्रत्येक व्यक्ति को पहचान पत्र के साथ ही आने की अनुमति होगी। प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक गैजेटस ले जाने पर रोक रहेगी। मोबाइल फोन भी वर्जित होगा।

सभी 11 लोकसभा सीटों पर 1720 राउंड में होगी वोटों की गिनती

राज्य की सभी 11 सीटों के लिए कुल 1720 राउंड की गिनती की जाएगी। सभी लोकसभा सीटों में कोरबा में सबसे कम 142 राउंड की मतगणना होगी, जबकि सबसे ज्यादा 175 राउंड की काउंटिंग रायपुर में होगी। सरगुजा में 161 राउंड, रायगढ़ में 165 राउंड, जांजगीर चांपा में 143 राउंड की काउंटिंग होगी। वहीं बिलासपुर में 164, राजनांदगांव में 150, दुर्ग में 166, महासमुंद में 157, बस्तर में 144 और कांकेर में 153 राउंड में काउंटिंग की जाएगी। लोकसभा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक चरण के परिणाम की घोषणा एआरओ द्वारा की जाएगी। साथ ही लोकसभा स्तर पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भी प्रत्येक चरण के परिणाम की घोषणा की जाएगी ।

### चुनाव आयोग की लंबी...

पत्र जारी किए गए हैं। सभी अपने पहचान पत्र के साथ सुबह 7 बजे मतगणना स्थल पर प्रवेश करेंगे। मतगणना केंद्र में प्रत्येक जगह पर पहचान पत्र की जांच होगी, उसके बाद ही मतगणना केंद्र के हॉल में प्रवेश दिया जाएगा।

### गादीरास में प्रधान...

जा रही है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शव को पीएम के लिए भिजवाया गया है। बहरहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की विवेचना कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों में शोक की लहर छा गई। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि 2-3 जून की मध्य रात्रि में थाना गादीरास क्षेत्र में अज्ञात आरोपियो ने प्रधान आरक्षक सोढ़ी लक्ष्मण की धारदार हथियार से हत्या की दी है। घटनास्थल निरीक्षण एवं शव पंचनामा कार्रवाई उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया।

### ट्रेनों में भीड़ के...

के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य जाएगा। यह कार्य 17 जून से 06 जुलाई तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। जून में कुछ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन खत्म हो जाएगा। इस बीच 18 ट्रेनों के रद्द होने से ट्रेनों में फिर भारी भीड़ की स्थिति निर्मित होगी। 22 से 6 जून तक तिरुनेलवेली, एर्णाकुलम, कोचुवेलि, सिकंदराबाद और पटना जाना मुश्किल होगा।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां**

1. 22 जून एवं 05 जुलाई, 2024 को 20805 विशाखापटनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
2. 22 जून एवं 05 जुलाई 20806 नई दिल्ली-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
3. 27 जून एवं 04 जुलाई 20803 विशाखापटनम-गांधीधाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
4. 23 एवं 30 जून, 2024 को 20804 गांधीधाम-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
5. दिनांक 23 एवं 30 जून, 2024 को पूरी से चलने वाली 20819 पूरी-ओखा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
6. 26 जून एवं 03 जुलाई 20820 ओखा-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी ।
7. 24, 28 जून एवं 01, 05 जुलाई 12803 विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
8. 23, 26, 30 जून एवं 03 जुलाई, 12804 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।

### रद्द रहेगी यह...

11. 28 जून, 2024 को रक्सौल से चलने वाली 07008 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी ।
12. 22 एवं 29 जून, 2024 को हैदराबाद से चलने वाली 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी ।
13. 25 जून एवं 02 जुलाई, 2024 को रक्सौल से चलने वाली 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी ।
14. 24, 26 जून एवं 01, 03 जुलाई, 2024 को पटना से चलने वाली 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी ।
15. 26 जून एवं 03 जुलाई, 2024 को हैदराबाद से चलने वाली 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी ।
16. 28 जून एवं 05 जुलाई, 2024 को सिकंदराबाद से चलने वाली 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी ।
17. 05 जून 2024 को 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
18. 05 जून 2024 को 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

### मथुरा में मिली लाश...

मृतक को पहचानने से इनकार कर दिया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि मृतक आसपास क्षेत्र का है। टीआई श्री चौधरी ने मृतक की फोटो टिकरापारा क्षेत्र में वाट्सएप में वायरल किया। इससे मृतक की पहचान मल्हार मटिया निवासी गजबदन सिंह ठाकुर पिता गौरीशंकर ठाकुर 75 साल के रूप में हुई। मृतक गांव में रहता था और उसके परिजन टिकरापारा में रह रहे हैं। 29 मई 2024 की दोपहर 2 बजे वे घर से निकले थे और उसके बाद लापता हो गए थे। परिजन ने उनके गुम होने की रिपोर्ट मल्हार चौकी में दर्ज कराई थी। मृतक की पहचान होने के बाद परिजन शव लेने के लिए उत्तर प्रदेश मथुरा रवाना हो गए है।

## एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाया जाए : आप नेता संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने देश में 'एग्जिट पोल' (चुनाव बाद सर्वेक्षण) पर पूरी तरह से रोक लगाने की मांग करते हुए सोमवार को दावा किया कि यह कई बार गलत साबित हुआ है। टेलीविजन चैनलों पर शनिवार को प्रसारित कई एग्जिट पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहने और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को भारी बहुमत मिलने की संभावना जताई गई है। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''एग्जिट पोल को देश में पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए क्योंकि वे एक बार नहीं बल्कि कई बार गलत साबित हुए हैं।

**तेलंगाना : आईईडी के फटने से ग्रामीण की मौत : हैदराबाद।** तेलंगाना के मुलुगु जिले के एक वन क्षेत्र में सोमवार को प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के एक सदस्य द्वारा कथित तौर पर लगाए गए आईईडी के फटने से 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जिले के वजीदु मंडल के कोंगल गांव के पास व्यक्ति का पैर आईईडी पर पड़ गया और उसमें विस्फोट होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **देबाशीष पॉल, मालिक, मेसर्स वॉलमैक्स ट्रेडर्स, पताः दुकान नं. 90, रावनभाटा, बेस्ट प्राइस शॉपिंग मॉल के पास, बिलासपुर, छत्तीसगढ़–492001 और इसके अलावा मेसर्स वेलमैक्स ट्रेडर्स, ऑफिस नं. 5, रिंग रोड नं. 2, रायपुर के पास, मद्रास ट्रांसपोर्ट, रायपुर, छत्तीसगढ** ने **Case Reg. No. 11405/2019, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **देबाशीष पॉल, मालिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **देबाशीष पॉल, मालिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case Reg. No. 11405/2019, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अभियुक्त **देबाशीष पॉल, मालिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
महानगर दंडाधिकारी–04 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 112, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5951/NW/2024



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**विविध कार्यों हेतु ई–निविदाएं**

क्र.सं. (1) निविदा संख्या टीआरडी–बीएसपी–230–24–25 दिनाँक 18/05/2004 कार्यः (1) बिलासपुर मंडलः बिलासपुर मंडल के मुख्य लाइन के स्विचिंग स्टेशन में पुरानी पीएसआई परिसंपत्तियों का प्रतिस्थापना (2) बिलासपुर मंडलःबिलासपुर मंडल के सीआईसी स्विचिंग स्टेशनों में पुरानी पीएसआई परिसंपत्तियों का प्रतिस्थापन (3) बिलासपुर मंडल में ओएचई की विश्वसनीयता में सुधार के लिए ओएचई इंस्टॉलेशन का प्रतिस्थापन। निविदा मूल्यः ₹24,59,742.96 अमानत राशिः ₹ 49,200.00 निविदा जमा करने की तिथि व समयः दिनांक 10/06/2024 के 15:00 बजे तक।

क्र.सं. (2) निविदा संख्या टीआरडी–बीएसपी–238–24–25 दिनाँक 18/05/2024 कार्यः बिलासपुर–झारसुगुड़ा अनुभाग में टीएसएस (टीआरडी) पर पीएसआई परिसंपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण सहित प्रतिस्थापन। निविदा मूल्यः ₹77,97,541.01 अमानत राशिः ₹1,56,000.00 निविदा दस्तावेज़ मूल्यः ₹5,000.00 निविदा जमा करने की तिथि व समयः दिनांक 10/06/2024 के 15:00 बजे तक।

क्र.सं. (3) निविदा संख्या टीआरडी–बीएसपी–239–24–25 दिनांकः 22/05/2024 कार्यः बिलासपुर डिवीजन के मेन लाइन (बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन में इंजीनियरिंग कार्य अर्थात टीएसआर (पी), सीटीआर (एस), टीआरआर (एस) और सीटीआर (पी) के संबंध में ओएचई का प्रावधान/संशोधन। निविदा मूल्यः ₹85,56,896.80 अमानत राशिः ₹1,71,100.00 निविदा जमा करने की तिथि व समयः दिनांक 13/06/2024 के 15:00 बजे तक।

क्र.सं. (4) निविदा संख्या टीआरडी–बीएसपी–240–24–25 दिनांकः 22/05/2024 कार्यः बिलासपुर डिवीजन में इंजीनियरिंग कार्यों यानी टीआरआर(पी), टीआरआर(एस), टीएसआर(पी) और सीटीआर (एस) के संबंध में संरचना बांड और मैन पावर का प्रावधान। निविदा मूल्यः ₹1,80,08,440.71 अमानत राशिः ₹2,40,100.00 निविदा जमा करने की तिथि व समयः दिनांक 13/06/2024 के 15:00 बजे तक।

पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर पधारे। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।

व. म. विद्युत अभियंता(क.वि.)
द.पू.म. रेलवे/बिलासपुर

CPR/10/70
South East Central Railway @secrail



## NMDC Ltd.

(A Govt. Of India Enterprise) (ISO 9001 Company)
Bailadila Iron Ore Mines, Bacheli Complex Bacheli,
Distt. - South Bastar (Dantewada), CG-494553
Phone No.: Phone No.: 07857-230210, Mob.: 8085559082

**//e-Tender Notice //**

बी आई ओ एम / बीसी / संविदा / प्रकाशन /2024-25/085/ दिनांक 04.08.2024

निम्नांकित कार्यों के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा ई निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता CPP Portal अथवा www.nmdc.co.in अथवा http://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc / पर टेंडर [illegible]

| | MSTC Ref. No. NMDC/ Bacheli/ 24-25/ET/ | NMDC Tender. No. BIOM/BC/ CONTRACTS /OTE (BS)/ 24-25/ | Short Description of Work | EMD (Rs.) | Last Date of Sub'n |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/121 | E-029 | Repairing and Maintenance of 33 KV VCB and CR Panel at Main Sub station, Bacheli | 13,308/- | 04.07.2024 |
| 2 | 35/123 | E-033 | CAMC of Wireless VHF Sets of Bacheli Complex for 3 years | 24,603/- | 04.07.2024 |
| 3 | 32/120 | C-372 | Construction of Rest Room including internal Electrifications at Screening Plant Dep-05, BIOM Bacheli Complex. | 20,100/- | 05.07.2024 |
| 4 | 36/162 | C-370 | CONSTRUCTION OF DOUBLE STOREY BUILDING (MECHANICAL/ELECTRICAL STORE) AT DOWNHILL-5 INCLUDING ELECTRIFICATION WORK. | 1,02,600/- | 05.07.2024 |

विभागाध्यक्ष (अनु एवं से) अनु
बीआईओएम. बचेली कॉम्पलेक्स



भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस), आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल, प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई. एम. टी. मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C PACE ) IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके - 6**
**सार्वजनिक सूचना**

{ कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में }

**सार्वजनिक नोटिस** : ROC / C-PACE/STK2/248 (2) / 2024-25/157 **दिनांक** : 21.05.2024

**संदर्भः**

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (3) कम्पनियों का नाम **छत्तीसगढ** राज्य से हटाने के मामले मेंः

| S.No | SRN | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AA7745788 | U31900CT2020PTC010081 | मिलेनियम इनोटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AA7681058 | U80301CT2020PTC010014 | सुप्रीम टैलेंट क्रिएटर अकादमी प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AA7906104 | U46524CT2023PTC014619 | एवन मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना / अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

इरकन तिर्की
सहायक रजिस्ट्रार
प्रसंस्करण त्वरित कॉर्पोरेट निकास केंद

CBC 07123/11/0108/2425



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-29-24-25, दिनांक 28-05-2024

कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अमलाई और शहडोल में गुडस शेड के सुधार और गुडस शेड के संबंध में अन्य संबंधित विविध कार्यों के लिए गैलवेल्यूम शीट स्प्रिंकलर आदि का प्रावधान। निविदा मूल्यः ₹ 17,68,87,341.46 /–, अमानत राशिः ₹ 10,34,400.00 /–, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-30-24-25, दिनांक 28-05-2024

कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिश्रामपुर और चंदिया रोड पर गुडस शेड के सुधार और गुडस शेड के संबंध में अन्य संबंधित विविध कार्यों के लिए गैलवेल्यूम शीट स्प्रिंकलर आदि का प्रावधान। निविदा मूल्यः ₹ 19,22,83,384.72/-, अमानत राशिः ₹ 11,11,400.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 05.06. 2024 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 19.06.2024 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

CPR/10/71
South East Central Railway @secrail



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्रम सं. (1) निविदा संख्या डीआरएम-बीएसपी-43-24-25, दिनांक 29/05/2024

कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एल्युमिनों थर्मिट एसकेवी प्रोसेस (सिंगल शॉट कुसिबल विथ आटोमेटिक टैपिंग थिम्बल टेक्नोलॉजी) के साथ डी सुपरवीजन, टूल्स एंड प्लाट एवं कंज्यूमेबल इत्यादि के द्वारा वेल्डिंग पोर्शन का सप्लाई एवं रेल ज्वाइन्ट्स वेल्डिंग करने का कार्य । निविदा मूल्य (रू): 67,74,000/-, अमानत राशि (रू): 1,35,500/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह ।

क्रम सं. (2) निविदा संख्या डीआरएम-बीएसपी-44-24-25, दिनांक 29/05/2024

कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एल्युमिनों थर्मिट एसकेवी प्रोसेस (सिंगल शोट कुसिबल विथ आटोमेटिक टैपिंग थिम्बल टेक्नोलॉजी) के साथ डी सुपरवीजन, टूल्स एंड प्लाट एवं कंज्यूमेबल इत्यादि के द्वारा वेल्डिंग पोर्शन का सप्लाई एवं रेल ज्वाइन्ट्स वेल्डिंग करने का कार्य। निविदा मूल्य (रू): 67,74,000/-, अमानत राशि (रू): 1,35,500/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

क्रम सं. (3) निविदा संख्या डीआरएम-बीएसपी-45-24-25, दिनांक 29/05/2024

कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एल्युमिनों थर्मिट एसकेवी प्रोसेस (सिंगल शोट कुसिबल विथ आटोमेटिक टैपिंग थिम्बल टेक्नोलॉजी) के साथ डी सुपरवीजन, टूल्स एंड प्लाट एवं कंज्यूमेबल इत्यादि के द्वारा वेल्डिंग पोर्शन का सप्लाई एवं रेल ज्वाइन्ट्स वेल्डिंग करने का कार्य । निविदा मूल्य (रू): 67,74,000/-, अमानत राशि (रू): 1,35,500/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

क्रम सं. (4) निविदा संख्या डीआरएम-बीएसपी-46-24-25, दिनांक 29/05/2024

कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी.वे.कार्यों जैसे टीआरआर(पी), टीटीआर, टीएफआर, टीएसआर(पी) एवं सीटीआर(एस),एसईजे एवं ग्लू जॉइंट्स के नवीनीकरण एवं अन्य ट्रैक कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रू): 5,69,28,763/-, अमानत राशि (रू): 4,34,700/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

क्रम सं. (5) निविदा संख्या डीआरएम-बीएसपी-47-24-25, दिनांक 29/05/2024

कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी.वे.कार्यों जैसे टीआरआर(पी), टीटीआर, टीएफआर, टीएसआर(पी) एवं सीटीआर(एस),एसईजे एवं ग्लू जॉइंट्स के नवीनीकरण एवं अन्य ट्रैक कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रू): 9,32,85,953/-, अमानत राशि (रू): 6,16,400/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।

क्रम सं. (6) निविदा संख्या डीआरएम-बीएसपी-48-24-25, दिनांक 29/05/2024

कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी. वे.कार्यों जैसे टीआरआर(पी), टीटीआर, टीएफआर, टीएसआर(पी) एवं सीटीआर(एस), एसईजे एवं ग्लू जॉइंट्स के नवीनीकरण एवं अन्य ट्रैक कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रू): 3,47,71,660/-, अमानत राशि (रू): 3,23,900/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

क्रम सं. (7) निविदा संख्या डीआरएम-बीएसपी-49-24-25, दिनांक 29/05/2024

कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत भूपदेवपुर एवं रॉबर्टसन गुड्स शेड में गैलवेल्यूम शीट्स, स्प्रिंकलर एवं अन्य संबद्ध विविध कार्यों का प्रावधान। निविदा मूल्य (रू): 14,77,33,434/-, अमानत राशि (रू): 8,88,700/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह ।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः– दिनांक 07-06-2024 से, निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः– दिनांक 21-06-2024 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
द.पू.म. रेलवे बिलासपुर

सीपीआर/10/75
South East Central Railway @secrail


## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख–सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## पेज एक के शेष

### दूध में महंगाई का ऐसा...

जा रहा है। फैट वाला दूध जहां 68 रुपए है, वहीं बिना फैट वाले सामान्य दूध की कीमत अब 56 रुपए हो गई है। मार्च 2022 से फरवरी 2023 के बीच में दस माह में चार बार में 8 रुपए कीमत बढ़ाई गई थी। अब वापस उसी तरह से लगातार कीमत बढ़ाने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ में देवभोग दुग्ध महासंघ किसानों से इस समय 35 रुपए लीटर में दूध ले रहा है। पहले इसकी कीमत महज 31 रुपए थी। बीते साल किसानों के दबाव में पहले जनवरी में और फिर सितंबर में दो-दो रुपए कीमत बढ़ाई गई थी तो अब जाकर किसानों को 35 रुपए कीमत मिल रही है। इस कीमत को किसान कम मानते हैं। किसानों का कहना है, हमसे इतनी कम कीमत पर दूध लेकर करीब डबल कीमत में इसको बेचा जाता है। छत्तीसगढ़ के किसानों से देवभोग के अलावा बाहर की कंपनियां भी रोज हजारों लीटर दूध ले रही हैं।

### 17 लाख के ईनामी...

(पामेड़ एरिया कमेटी सदस्य व एरिया मेडिकल टीम प्रभारी एसीएम, 2 लाख का ईनामी कोमरम दूला (प्लाटून नम्बर 10 सेक्शन कमाण्डर, 1 लाख की ईनामी महिला रव्वा भीमे पति मडकम पाण्डू (पीएलजीए बटालियन नम्बर एक पीएलजीए सदस्या व ग्राम बोट्टेतोंग बगीचा की मेंबर व 1 लाख का ईनामी शेखर उर्फ मुका सोड़ी (दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रेस टीम सदस्य व पार्टी सदस्य शामिल है।

### कई संगीन मामलों में...

जंगल में अस्थाई कैम्प लगाये हुए थे। पुलिस द्वारा चारों ओर से घेरकर कैम्प पर फायरिंग की गई थी। इस घटना में 9 नक्सली मारे गए थे तथा 1 घायल हुआ था।

### पाक के लिए जासूसी...

अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है।

## शब्द पहेली - 5531

**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 5530 का हल**

## सूडोकू नवताल - 5542

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

**सूडोकू नवताल - 5541 का हल**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।



हरिभूमि
# सहेली
रायपुर, मंगलवार 4 जून 2024

विश्व पर्यावरण दिवस, 5 जून
विशेष

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

स्त्रियों की नैसर्गिक संवेदनशीलता, निर्मित करने, संवारने में यकीन करती है। वे कभी नहीं चाहतीं कि हम प्रकृति के साथ ऐसा कुछ करें कि विनाश की ओर बढ़ें। जनजीवन में हाहाकार मचे। इसीलिए स्त्रियां पर्यावरण को लेकर विशेष रूप से जागरूक हैं। वे बड़े ही नहीं छोटे-छोटे काम करके भी पर्यावरण संरक्षित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। पर्यावरण संरक्षण में स्त्रियों की भूमिका पर एक नजर।

## पर्यावरण बचाने के भाव को सींचता स्त्रीमन

सामाजिक-पारिवारिक संबंध हों या पर्यावरण और प्रकृति के रंग, महिलाएं सब कुछ सहेजना जानती हैं। डेली रुटीन में पर्यावरण को बचाने के लिए बहुत से छोटे-छोटे कदम उठाने का काम महिलाएं बहुत सहजता से करती हैं। स्वच्छता, किफायत और भविष्य के लिए कुछ बचाए रखने का भाव स्त्रियों में ही सबसे ज्यादा होता है। मितव्ययिता और प्रकृति से मिले संसाधनों का दोहन ना करने की यही सोच आज पर्यावरण संरक्षण के लिए भी जरूरी है। प्रकृति के इंद्रधनुषी रंगों को कायम रखने का भाव हमारी परंपरागत जीवनशैली का भी हिस्सा रही है। महिलाओं ने इन परंपराओं को मन से सींचा है। प्रकृति की हरियल आभा को सहेजते हुए, पर्यावरण को बचाने में सदा से अहम भूमिका निभाई है। घर से लेकर जन-आंदोलनों के जरिए जागरूकता लाने तक, महिलाएं हर मोर्चे पर डटी रही हैं।

### बदलाव की धुरी घर

विश्व पर्यावरण दिवस, दुनिया भर में प्रकृति की रक्षा के प्रति संवेदनाएं सींचने का विशेष दिन है। यह दिन पर्यावरण संरक्षण की सोच से जुड़ने और जागरूकता लाने की कोशिशों को बल देने का संदेश लिए है। असल में ग्लोबल लेवल पर अवेयरनेस लाने के प्रयासों के साथ ही एंवॉयर्नमेंट को बचाने के लिए घरेलू मोर्चे पर भी प्रयास आवश्यक हैं। हमारे देश में तो तुलसी, पीपल सींचने की परंपरा रही है। पेड़ काटने को पाप और पेड़-पौधे रोपने को पुण्य के भाव से जोड़कर देखा गया है। बहुत से रीति-रिवाजों के निर्वहन और व्रत-उत्सव के पूजन में भी विशेष पेड़-पौधों की उपासना की जाती है। ऐसी सभी बातें महिलाओं से गहराई से जुड़ी हैं, जिसके चलते स्त्रियां प्रकृति के प्रति भी सरोकार और संवेदना भरा मन रखती हैं। हरियाली को पोसने का भाव-चाव हो या प्रकृति के रंगों को सहेजने के मायने समझना, महिलाएं मन से सब कुछ करती आई हैं। बिजली-पानी बचाने, छोटे से छोटे आंगन में भी हरियाली उगा लेने, आंगन में उतरी



चिड़ियां को दाना डालने और कम से कम संसाधनों में भी गुजारा कर लेने वाली महिलाओं का व्यवहार और सोच बुनियादी रूप से पृथ्वी और पर्यावरण को बचाने वाली ही रही है। पर्यावरण को बचाने के लिए स्त्रीमन के इस सरोकारी भाव से सभी को सीख लेनी चाहिए। लाइट-पंखे बंद करना, पानी व्यर्थ ना बहाना, प्लास्टिक के इस्तेमाल में कमी लाना, जूठन न छोड़ना जैसे इंसानी बर्ताव से जुड़े कई पहलू पर्यावरण को बचाने में सहायक हैं। ध्यान रहे कि ऐसी गलतियों के लिए घर की महिलाएं ही सबसे अधिक रोकती-टोकती हैं। हर सदस्य छोटी-छोटी बातों का खयाल रखें तो देश-दुनिया का हर घर प्रकृति को सहेजने से जुड़े बड़े बदलाव लाने की धुरी बन सकता है।



### किफायती सोच की धनी

महिलाएं धन ही नहीं, अन्न-जल के मामले में भी किफायत बरतना नहीं भूलतीं। मुफ्त में मिले प्राकृतिक संसाधन हों या खरीदे गए सामान, फिजूलखर्ची पर फिक्रमंद होना उनकी आदत है। ध्यान रहे कि भविष्य की चिंता करने की सोच ही संसाधनों की बर्बादी से रोकती है। बेवजह की खपत कुदरत के रंग छीनने का सबब ही बनती है। स्त्रियों का मन आज के आराम भर के लिए नहीं बल्कि आने वाले कल के लिए भी बहुत कुछ सहेज लेना चाहता है। पर्यावरण को बचाने के लिए भी हमें यही तो करना है। भावी पीढ़ियों के लिए इस धरती से मिली जल, जंगल, जमीन और पशु-पक्षियों की अनमोल थाती को सहेजना है।

संसाधनों के दोहन को न रोका तो धरती की गोद सूनी हो जाएगी। चिड़ियों की चहक खो जाएगी। नदी, तालाब सूख जाएंगे। गौरतलब है कि साल 2024 के लिए वर्ल्ड एंवॉयर्नमेंट-डे की थीम भी धरती की गोद से गुम होती हरियाली से ही जुड़ी है। इस साल पर्यावरण को सहेजने के अभियान का विषय 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि की मरम्मत और मरुस्थलीकरण और सूखे को दूर करने पर केंद्रित है। यह थीम बदलते इकोसिस्टम के कारण दुनिया भर की कम्युनिटीज को प्रभावित करने वाली कई चुनौतियों को सामने रखती है। रेगिस्तान में बदलती धरती की गोद के सूनेपन को स्त्रियों से बेहतर कौन समझ सकता है। पीड़ा को समझने और परवाह के भाव को जीने वाला मन ही प्रकृति के उजड़ते आंगन का दर्द समझ सकता है। जरूरी है कि हर इंसान प्रकृति के इस दर्द को समझे। a

### पर्यावरण सहेजने की मुखर आवाज



गौरा देवी



चिलकापल्ली अनसूयाम्मा

**भारत के** सामाजिक-पारिवारिक सिस्टम में स्त्रियों का मन साझे जीवन के भाव को गहराई से समझता है। यही वजह है कि प्रकृति के साझे रंगों को सहेजने के लिए स्त्रियां मुखर रही हैं। छोटे से घर की बालकनी में हरियाली पोसने वाली महिलाएं, पेड़-पौधे लगाने में ही नहीं, बचाने में भी अहम भूमिका निभाने वाली रही हैं। कितनी ही महिलाएं प्रकृति और पर्यावरण को बचाने से जुड़े जन-आंदोलनों की अहम कड़ी भी रहीं। 'पर्यावरण का गांधी' के नाम से चर्चित सुंदरलाल बहुगुणा का साथ देने में महिलाएं ही सबसे आगे रहीं। उधर गौरा देवी के नेतृत्व में पेड़ों को बचाने से जुड़ी वैश्विक मुहिम को ईको फेमिनिस्ट मूवमेंट भी कहा जाता है। आज भी बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, पर्यावरण बचाने वाले आंदोलनों का हिस्सा हैं। तेलंगाना की चिलकापल्ली अनसूयाम्मा को 22 गांवों में करीब बीस लाख पेड़ लगाने के लिए यूनेस्को द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। राजस्थान के पिपलांत्री गांव की पर्यावरण सहेजने और बेटी बचाने की मुहिम तो दुनियाभर में चर्चित है। इस गांव में बेटी के जन्म पर ग्रामीण 111 पेड़ लगाकर खुशियां मनाते हैं। बेटियों का स्वागत और धरती का श्रृंगार करने की यह रीत सचमुच अनोखी है।

भागीदारी / सरस्वती रमेश



## संकट में धरती मां आना होगा कारगर भूमिका में

यह सच है कि हम धरती की कोख से नहीं जन्मे हैं, लेकिन धरती हमारी मां है। क्योंकि हमारा पालन-पोषण धरती की गोद में होता है, उसके उपकार से होता है। इसकी मिट्टी में उपजे अन्न और फल-फूल से हमारा पेट भरता है। धरती के वृक्षों की हवाओं से हम सांस लेते हैं। धरती पर बहती नदियों, प्रपातों से हमें जल मिलता है, ऐसे ही ना जाने कितने अनगिनत जीवन रक्षक चीजों का लाभ हमें धरती से मिलता है। हम सब पर उपकार करने वाली धरती मां पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों जैसे-जंगल, पहाड़, नदियां, मिट्टी, हवा, पानी सब पर अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। सुंदर प्राकृतिक संसाधनों के विनाश को देखकर धरती पीड़ा में है। धरती की यह पीड़ा हम महिलाएं बहुत ही गहराई से समझ और महसूस कर सकती हैं। इसलिए पीड़ा को दूर करने की जिम्मेदारी उठाने के लिए हमें आगे आना चाहिए।

**आना होगा आगे:** आज जब फ्लाईओवर, बिल्डिंग और सड़कें बनाने के लिए अंधाधुंध पेड़ काटे जा रहे हैं, तब इन्हें बचाने के लिए हम महिलाओं को ही आगे आना होगा। आज की नारी तो अपने पर्यावरण संरक्षण के प्रति कहीं ज्यादा जागरूक और सुशिक्षित है। अनेक महिलाएं यहां तक कि किशोर लड़कियां आज पर्यावरण को बचाने के लिए मुहिम चला रही हैं। हमें भी अपने आस-पास विकास के नाम पर काटे जाने वाले पेड़ों को कटने से रोकना चाहिए।



**मिलकर कदम बढ़ाना होगा:** जिस तरह से एक स्त्री अपने घर-परिवार और रिश्तों को बड़े संतुलित तरीके से संभालती और संवारती है, इसी तरह वह चाहे तो अपने आस-पास के पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए भी कोशिश कर सकती है। सोसायटी की महिलाएं मिलकर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक बनाते हुए इसे बचाने के प्रयासों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं। इस अभियान में सबसे जरूरी है, अपने आस-पास के पर्यावरण को साफ और हरा-भरा रखना। इसके लिए आप-पास की महिलाएं एकजुट होकर सबसे पहले अपने सोसायटी को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाएं। गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालना। सोसायटी की खाली जगह पर पेड़-पौधे लगाना। उनकी देखभाल करना जैसे कार्यों से बदलाव लाए जा सकते हैं। इस काम में यदि परिवार का भी साथ मिले तो निश्चित ही महिलाओं का मनोबल बढ़ेगा।

**करना होगा सबको जागरूक:** आज हमारा पर्यावरण संकट में है। प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के खतरनाक प्रभाव अब दिखने लगे हैं। इन दिनों उत्तर भारत में तापमान 50 डिग्री को छू रहा है। इंसान के साथ ही पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। धरती पर आई इस पर्यावरणीय आपदा को दूर करने में हम स्त्रियों को भी अहम भूमिका निभानी होगी। भले ही हमारे कदम छोटे-छोटे हों, लेकिन हमारी कोशिश समुचित और निरंतर होनी चाहिए। विश्व की महान हस्तियां मानती हैं कि सृष्टि में कोई भी बड़ा परिवर्तन महिलाओं के बिना संभव नहीं है। उनकी सहभागिता से सफलता मिलती है। तो आइए, हम नारी शक्ति मिलकर अपनी धरती को बचाएं। a




सलाह / विनीता

## बच्चों को भी बनाएं पर्यावरण के प्रति जागरूक

घर बच्चों की प्रथम पाठशाला है और मां प्रथम शिक्षिका। ऐसे में मां की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह आरंभ से ही अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा दे कि उनके मन में प्रकृति के प्रति प्रेम रहे, वे पर्यावरण के संरक्षण को लेकर जागरूक बनें। इसके लिए मांओं को इन बातों का ध्यान रखना होगा-

**ऊर्जा के संसाधनों का ना हो दुरुपयोग:** मांएं अपने बच्चों को समझाएं कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें पानी, बिजली जैसे ऊर्जा के संसाधनों का सीमित उपयोग करना चाहिए। जब वे कमरे से बाहर निकलें तो पंखा, एसी, कूलर, लाइट और टीवी जैसे सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्विच ऑफ कर दें। ब्रश करते समय बेवजह नल खुला न छोड़ें। स्कूल से लौटने के बाद अगर वाटर बॉटल में पानी बचा हो तो उसे फेंकने के बजाय गमलों में डाल दें। बच्चों को यह भी बताएं कि अपनी कॉपी के पन्ने फाड़कर, पेंसिल को अनावश्यक रूप से छील कर बर्बाद ना करें। ये दोनों चीजें पेड़ों से बनती हैं, इससे पेड़ों की संख्या कम होगी।

### प्रकृति से करें प्यार

मांएं अपने बच्चों को पौधे लगाने और उनकी देखभाल के लिए भी प्रेरित करें। उन्हें कोई गमला और फूलों के बीज लाकर दें। फिर उन्हें गमले में बीज लगाकर नियमित रूप से उसमें पानी देने को बोलें। जब बच्चा रोजाना पौधे की देखभाल करेगा, तो उसके मन में पेड़-पौधों के प्रति स्वाभाविक रूप से लगाव जागेगा। पौधे हमें सांस लेने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं, आप बच्चों को यह भी बताएं ताकि वे पेड़-पौधों का महत्व समझें।



**स्वच्छता का रखें ध्यान:** बच्चों को बताएं कि वे कूड़ा फेंकने के लिए हमेशा डस्टबिन का उपयोग करें। घर के बाहर भी फलों के छिलके, चॉकलेट, बिस्किट, वेफर्स आदि के पैकेट नजर आएं तो उन्हें समेट कर घर ले आएं और अपने डस्टबिन में डाल दें, बाद में सारा कूड़ा उपयुक्त जगह फेंक आएं। इससे सोसाइटी या कॉलोनी में प्रदूषण नहीं रहेगा। a



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com



**बदलते दौर के इंटीरियर डेकोरेशन में कुछ नए ट्रेंड आ गए हैं। इनके जरिए कुछ बातों का ध्यान रखकर आप अपने घर को अट्रैक्टिव-डिफरेंट दिखाने के साथ ही ईको फ्रेंडली भी बना सकती हैं।**

सजेशन / ललिता गोयल

# ग्रीन इंटीरियर से घर बनाएं अट्रैक्टिव-पॉल्यूशन फ्री



सजा-संवरा, साफ-सुथरा घर हर होम मेकर की चाहत होती है। लेकिन अगर उसी घर को ग्रीन (ईको फ्रेंडली) इंटीरियर से सजाया जाए तो इससे न केवल घर खूबसूरत दिखता है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी मददगार हो सकता है। यहां हम आपको कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप घर के इंटीरियर को ग्रीन टच दे सकती हैं।

## ईको फ्रेंडली आइटम्स करें यूज

घर की डेकोरेशन में ईको फ्रेंडली आइटम्स का अधिक यूज करें। क्या आप जानती हैं कि सिर्फ प्लास्टिक ही नहीं बल्कि सिरेमिक पॉट्स और प्लांटर्स भी पर्यावरण के लिए नुकसानदेय होते हैं? कई लोग इनडोर डेकोरेशन के लिए सेरेमिक और कलरफुर प्लास्टिक हैंगिंग प्लांटर्स का इस्तेमाल करते हैं। एंवॉयर्नमेंट के लिहाज से यह सही नहीं है, इसलिए इनके बजाय आप वूडेन या जूट के हैंगिंग प्लांटर्स और इंडोर प्लांट्स कंटेनर ले सकती हैं। इंडोर प्लांट्स वाले ऐसे कंटेनर को आप लिविंग रूम, बेड रूम में रख कर घर की रौनक बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण को बचाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसके अलावा घर को सजाने के लिए यूजलेस हो चुके पुराने जैम, सॉस आदि की बोतल का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी तरह पेपर बैग लालटेन और केन लैंप शेड यानी बेंत से बने लैंप शेड अपने घर में लगा सकती हैं। ये पूरी तरह से नेचुरल और ईको फ्रेंडली मैटेरियल से बने होते हैं।



## हैंगिंग वुडेन शेल्फ

ग्रीन होम डेकोर में हैंगिंग वुडेन शेल्फ भी इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं। ये न सिर्फ आपके घर की खूबसूरती बढ़ाते हैं बल्कि इनसे जगह की भी बचत होती है। आप इन्हें अपनी बालकनी से लेकर ड्रॉइंग रूम तक कहीं भी लगा सकती हैं। इनका इस्तेमाल किताबें और शो-पीस रखने से लेकर प्लांट कंटेनर रखने तक, कई चीजों के लिए कर सकती हैं।



## नेचुरल फैब्रिक्स का यूज

ईको फ्रेंडली इंटीरियर डेकोरेशन में सिंथेटिक फैब्रिक्स की जगह ऑर्गेनिक फाइबर्स जैसे कॉटन, हेंप, लिनेन, सिल्क और बांस से बनने वाले होम टेक्सटाइल को चुना जा सकता है। ये फैब्रिक नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स से फ्री होते हैं। आजकल मार्केट में इन नेचुरल फाइबर्स से बने कर्टेंस, बेड शीट्स, पिलो कवर और कुशन कवर आसानी से मिल जाते हैं।



## अपसाइकल्ड फर्नीचर-वुडेन फ्लोरिंग

ईको फ्रेंडली इंटीरियर डेकोरेशन में अपसाइकिल्ड फर्नीचर भी बेहतर ऑप्शन हैं। ये विंटेज होने के साथ-साथ जगह भी कम घेरते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाला वेस्ट भी कम होता है। इसके अलावा वुडेन फ्लोरिंग के साथ कलरफुल और टेक्सचर वाले कारपेट भी ईको फ्रेंडली इंटीरियर डेकोरेशन में यूज किए जा सकते हैं। टाइल्स में वुडेन टेक्सचर की टाइल्स से फ्लोरिंग को बहुत खूबसूरत लुक मिलता है।

## टेराकोटा कुकवेयर-बैंबू सर्विंग क्रॉकरी

टेराकोटा से बने ईको फ्रेंडली कुकवेयर जैसे हांडी, कड़ाही से लेकर तवा और डोंगे को किचेन में यूज किया जा सकता है। इसी तरह बैंबू से बने ट्रे, जग, ग्लास और ऐसी ही कई बर्तनों को घर के किचेन में इस्तेमाल करके आप अपने घर की शोभा बढ़ा सकती हैं, साथ ही पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचा सकती हैं। *

**(इंटीरियर डिजाइनर मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## घर को पॉल्यूशन फ्री रखने वाले इंस्ट्रूमेंट्स

- घर में एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल, प्रदूषक तत्वों को फिल्टर करने के साथ-साथ हार्मफुल गैसेस को भी फिल्टर करने के लिए किया जा सकता है।
- घर में मौजूद एक्सट्रा मॉयश्चर को हटाने के लिए डीह्यूमिडिफायर का प्रयोग किया जा सकता है।
- घर में मौजूद कारपेट, सोफा कवर, परदे, बेडशीट, पिलो कवर को धूल, मिट्टी से फ्री रखने के लिए वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल करें।
- किचेन में कुकिंग करते समय मसालों के सूक्ष्म कण हवा में पहुंच कर प्रदूषण फैलाते हैं और गैस स्टोव के जलने से नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड जैसी गैसें निकलती हैं। इसके लिए मैकेनिकल वैंटिलेशन जैसे प्योरिफाईंग फैन या चिमनी का प्रयोग किया जा सकता है।



## ऐसे भी घर रहेगा पॉल्यूशन फ्री

**केमिकल्स से बनाएं दूरी:** आजकल घर की सफाई से जुड़े प्रोडक्ट्स के अलावा पर्सनल हाईजीन से जुड़ी वस्तुओं जैसे- साबुन, शैंपू आदि के उत्पादन में बहुत अधिक मात्रा में हानिकारक केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। शैंपू के बजाय रीठे से बाल धोना एक अच्छा ऑप्शन है। इसी तरह फर्श की सफाई के लिए बाजार में बिकने वाले केमिकल बेस्ड फ्लोर क्लीनर के बजाय, फलों के छिलके सें तैयार बायो एंजाइम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे घर पर बनाने की विधि आपको यूट्यूब पर आसानी से मिल जाएगी। मार्केट में भी बहुत सारे रेडीमेड ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं आप उनका भी इस्तेमाल कर सकती हैं।



**घर पर बनाएं प्राकृतिक खाद:** घर से निकलने वाला कचरा, प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। इससे बचाव के लिए किचेन से निकलने वाले गीले कचरे व प्लास्टिक, बॉटल जैसे सूखे वेस्ट को अलग-अलग रखें। किचेन से निकलने वाली सब्जियों के छिलके, चायपत्ती आदि का इस्तेमाल ऑर्गेनिक खाद बनाने के लिए करें। इसके लिए छिलकों को जमीन खोद कर मिट्टी के नीचे दबा दें या किसी बड़े गमले में मिट्टी की परत बिछाकर उस पर सब्जियों के छिलके को बिछाकर उसे दोबारा मिट्टी से ढंक दें। उसे कुछ दिनों के अंतराल पर खुरपी से पलटते रहें। इस तरह लगभग दो महीने में प्राकृतिक खाद बन कर तैयार हो जाएगी। इसका उपयोग आप अपने पेड़-पौधों के लिए कर सकती हैं। *

-विनीता



---

सीजनल डिशेज / शिखर चंद जैन

गर्मी के दिनों में आइसक्रीम, कुल्फी या फालूदा तो आप खाती ही होंगी। लेकिन आप चाहें तो घर में ही हेल्दी, टेस्टी और कूल फ्रूट पॉप्सिकल्स बनाकर इनका मजा ले सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

# कूल-हेल्दी-टेस्टी फ्रूट पॉप्सिकल्स



गर्मी के मौसम में अकसर हमारा मन रंग-बिरंगी आइसक्रीम, कुल्फी और सॉफ्टी खाने का करता है। लेकिन हम सब जानते हैं कि इनमें हानिकारक फैट्स, शुगर, आर्टिफिशियल कलर और स्वीटनर्स का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें कैलोरी भी बहुत होती है। इसलिए अपनी हेल्थ के मद्देनजर आप इनके बजाय नेचुरल, टेस्टी, हेल्दी और कूल फ्रूट पॉप्सिकल्स बनाकर खाएं और खिलाएं।

**चिल्ड एवेकैडो पॉप्सिकल्स:** एक बाउल में एवेकैडो को अच्छी तरह मैश कर ले। इसमें थोड़ा शहद, थोड़ा नीबू का रस और आधा कप नारियल पानी डालें। अच्छी तरह ब्लेंड करें। आप चाहें तो इसमें चॉप की हुई पाइनएप्पल स्लाइस भी डाल सकती हैं। इस मिक्सचर को मोल्ड में डालकर फ्रिजर में जमने के लिए रख दें। कुछ देर बाद चिल्ड एवेकैडो पॉप्सिकल का मजा लें।



**मैंगो मस्ती पॉप्सिकल्स:** गर्मी के दिनों में आम को सबसे फेवरेट फल माना जाता है। रत्नागिरी आम हों या हापुस आम, इनकी मिठास के क्या कहने! अगर आप इनसे पॉप्सिकल्स बना लें तो खाने का मजा दोगुना हो जाएगा। इसे बनाने के लिए पके आम का पल्प ब्लेंड कर लें। इसमें स्वाद के मुताबिक चीनी मिलाएं और फिर इसे मोल्ड में भरकर जमने के लिए फ्रिज में रख दें। कुछ घंटे बाद अपने पसंदीदा आम का मजा मैंगो पॉप्सिकल्स के रूप में लें।

**वाटरमेलन पॉप्सिकल्स:** गर्मियों में तरबूज यानी वाटरमेलन भी खूब पसंद किया जाता है। लगभग जीरो कैलोरी और पानी से भरपूर मिनरल्सयुक्त तरबूज एक पौष्टिक फल है। इसका पॉप्सिकल बनाने के लिए इसके छोटे-छोटे टुकड़े काटें। अब थोड़ी सी चीनी, थोड़ा सा काला नमक और थोड़ा सा नीबू का रस मिलाकर इसे ब्लेंड कर लें। आप चाहें तो स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़ी सी पुदीने की पत्तियां डाल सकती हैं। अब इन्हें मोल्ड में डालकर जमा लें और थोड़ी देर बाद अपनों के संग इनका आनंद लें।



**ब्लैक ग्रेप पॉप्सिकल्स:** ब्लैक ग्रेप्स यानी काले अंगूरों में तमाम विटामिन और मिनरल्स होते हैं। इनका भरपूर लाभ उठाने और साथ ही आइसक्रीम जैसा मजा लेने के लिए आप ब्लैक ग्रेप पॉप्सिकल बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए अंगूरों को ब्लेंड करते हुए इनमें चीनी और जरा सा नीबू का रस मिलाएं, फिर आइसक्रीम मोल्ड में डालकर जमने के लिए रख दें। आप चाहें तो टेस्ट को ट्विस्ट देंने के लिए पुदीने की पत्तियां भी इसमें मिला सकती हैं। कुछ ही देर में टेस्टी ब्लैक ग्रेप पॉप्सिकल्स रेडी हो जाएगा।

**कीवी पॉप्सिकल्स:** कीवी ना सिर्फ फाइबर बल्कि विटामिन सी और अन्य न्यूट्रिशस तत्वों का भी भंडार होता है। इससे टेस्टी पॉप्सिकल्स बनाने के लिए इनका छिलका उतार कर गूदा निकाल लें। इसे ब्लेंड करते समय थोड़ा नारियल पानी और पहले से भीगे हुए चीया सीड्स भी मिला लें। इससे इनकी पौष्टिकता बढ़ जाएगी। आप चाहें तो इसमें सोया मिल्क भी मिला सकती हैं। अब इसे आइसक्रीम मोल्ड्स में भरकर फ्रीजर में रख दें। कुछ देर में टेस्टी कीवी पॉप्सिकल्स रेडी हो जाएंगे। *

---

केयर / विधि

हेल्थ के साथ ही स्किन पर भी पॉल्यूशन बुरा प्रभाव डालता है। इससे मुंहासे, ड्रायनेस और झुर्रियां हो सकती हैं। जानिए, स्किन प्रोटेक्शन के इफेक्टिव तरीकों के बारे में।

# पॉल्यूशन के साइड इफेक्ट्स स्किन प्रोटेक्शन के ईजी टिप्स

प्रदूषण के संपर्क में आते ही स्किन नमी खोने लगती है, जिससे स्किन बेजान लगने लगती है। साथ ही स्किन सेल्स में घटने वाली कोलेजन की मात्रा से चेहरे पर पिगमेंटेशन का खतरा भी बढ़ता है। धूप और पॉल्यूशन से त्वचा की रंगत टैन होने लगती है और ड्रायनेस बढ़ने लगती है। इससे चेहरे और गर्दन की स्किन डार्क होने लगती है। बिना किसी प्रोटेक्शन के धूप और प्रदूषक तत्वों के संपर्क में आने से त्वचा में मेलानिन का प्रभाव बढ़ने लगता है और चेहरे पर फाइन लाइंस बनने लगती हैं। पर्यावरण में फैली गंदगी के संपर्क में आते ही स्किन पोर्स धूल, प्रदूषक तत्वों और ऑयल से भर जाते हैं। इससे चेहरे पर पिंपल्स होने की समस्या होने लगती है।



## बचने के उपाय

स्किन को प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए आप यहां बताए जा रहे उपाय आजमा सकती हैं।

**स्किन को करें एक्सफोलिएट:** घर से बाहर निकलते ही प्रदूषण, स्किन की ऊपरी लेयर को अपनी चपेट में ले लेता है। इससे चेहरे पर संक्रमण और एक्स्ट्रा ऑयल जमा होने लगता है जो एक्ने, ब्लैक और व्हाइट हेड्स का कारण बनते हैं। ऐसे में स्किन को नियमित रूप से एक्सफोलिएट करने से बहुत फायदा मिलता है। ऐसा करने से आपकी स्किन पर मौजूद डेड सेल्स को हटाने में मदद मिलती है और स्किन पर मौजूद प्रदूषण के कण साफ होते हैं।

**रेग्युलर करें क्लींजिंग:** स्किन को नियमित रूप से साफ रखने से प्रदूषण के साइड इफेक्ट्स से बचा जा सकता है। इसके लिए माइल्ड फेसवॉश से चेहरे पर 15 से 20 मिनट तक मसाज करें और फिर चेहरे को धो दें। इससे फेस स्किन की डीप क्लींजिंग होगी। साथ ही त्वचा में मौजूद डस्ट पार्टिकल भी हटेंगे। इसके अलावा रुटीन से दिन में दो बार चेहरे को वॉश जरूर करें। उसके बाद चेहरे को नर्म तौलिए या रुमाल से साफ करें। ऐसा करने से फाइन लाइंस दिखने का रिस्क कम होता है।

**एंटी पॉल्यूशन फेस मास्क:** एंटी पॉल्यूशन फेस मास्क के प्रयोग से चेहरे पर मौजूद डस्ट और डर्ट पूरी तरह से क्लीन होने लगती है। इसके अलावा फेस स्किन, क्लीन और सॉफ्ट होती है। स्किन नरिशमेंट के लिए वीक में दो बार फेस मास्क को चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन की रफनेस और टैनिंग दूर होने लगती है। डीप क्लींजिंग के बाद फेस स्किन को सॉफ्ट बनाने के लिए फेस मास्क को 10 से 15 मिनट तक चेहरे पर लगाए रखें।





**यूज करें सनस्क्रीन:** चेहरे को सन रेज से होने वाले डैमेज और पॉल्यूशन से बचाने के लिए सनब्लॉक क्रीम या एसपीएफ अवश्य लगाएं। स्किन नेचर के हिसाब से एसपीएफ का चुनाव करें। इसके अलावा सनस्क्रीन स्किन को एजिंग के प्रभाव से भी बचाने में कारगर साबित होती है।

**फेस को करें प्रोटेक्ट:** स्किन को सन रेज डैमेज और पॉल्यूशन से बचाने के लिए हैट, कैप, छाता या स्कार्फ से ढंक कर ही घर से बाहर निकलें। इससे चेहरा सूरज की किरणों से प्रभाव से बचेगा, साथ ही चेहरे और गर्दन पर होने वाली टैनिंग की समस्या भी नहीं होगी। *

**(ब्यूटी एक्सपर्ट पूजा गोयल से बातचीत पर आधारित)**

### डाइट में शामिल करें एंटी-ऑक्सीडेंट रिच फूड्स

**अपनी डाइट** में एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर फूड्स को शामिल करने से आपको बहुत फायदा मिलता है। विटामिन-सी, विटामिन-ई और ओमेगा-3 की पर्याप्त मात्रा वाले फूड्स जैसे संतरा, बादाम, अलसी आदि को भी डाइट में शामिल करें। इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, स्किन प्रोटेक्शन करने के साथ ही प्रदूषण के प्रभावों को रोकने में भी मदद करेंगे।

---

छोटी कहानी / अवंति श्रीवास्तव

# गाड़ियों का मोह



आज जब नंदकिशोर जी शाम को टहल कर वापस आए तो घर में एक अलग ही माहौल था। सब बहुत खुश नजर आ रहे थे। सबसे ज्यादा तो उनकी पोती स्नेहा चहक रही थी। नंदकिशोर जी को जिज्ञासा हुई, उन्होंने पूछा, 'कोई बताएगा, ऐसा क्या हुआ जो सब इतने खुश नजर आ रहे हैं?'

'दादू! पापा ने मेरे लिए कार लेने का फैसला किया है। अब मैं भी कॉलेज अपनी बड़ी-सी कार में जाऊंगी। मैंने तो रंग भी सोच लिया है, इलेक्ट्रिक ब्लू!' स्नेहा ने खुशी-खुशी बताया।

नंदकिशोर जी घर में तीसरी कार की बात सुनकर सकते में आ गए। घर में तो पहले से ही दो कार, दो टू व्हीलर हैं। एक-एक कार उनके बेटे-बहू की, एक-एक टू व्हीलर उनके पोते-पोती के। घर में इन गाड़ियों के लिए कोई पार्किंग नहीं है। सब गाड़ियां घर के साथ जुड़ी सड़क पर ही रखी जाती हैं। अब यह तीसरी कार कहां रखी जाएगी, नंदकिशोर जी ने जब यह सवाल किया तो जवाब में उनका बेटा बोला, 'वह कोने में जो गुलमोहर का पेड़ है ना... बस उसे कटवा देंगे। वैसे भी किसी काम का नहीं। बस गंदगी फैलाता रहता है। पतझड़ में कितने फूल, पत्तियां झड़ते हैं, बार-बार झाड़ू लगानी पड़ती है।' अपने उच्च शिक्षित बेटे के मुख से यह सुनकर नंदकिशोर जी मन ही मन बोले, 'आजकल लोगों के पास सारी शिक्षा बस किताबी ही है। विलासिता की लालसा में लोग जीवन को अनदेखा कर रहे हैं।' उन्होंने बेटे को आग्रह के साथ सुझाव दिया, 'बेटा, दो गाड़ियां घर में पहले ही हैं। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि स्नेहा तुम लोगों के साथ आया-जाया करे। उसके लिए अलग से गाड़ी लेने की इतनी क्या जरूरत है?' 'पापा, स्नेहा मुझसे आधे घंटे बाद जाती है। और जब हम इतने संपन्न हैं कि एक और गाड़ी ले सकते हैं तो क्यों ना लें? आखिर चीजें सुविधा के लिए तो खरीदी जाती हैं। उसकी गाड़ी आ जाएगी तो वह अपने हिसाब से आ-जा सकेगी।' बेटे ने तुरंत नंदकिशोर जी की बात काट दी।

नंदकिशोर जी से रहा नहीं गया, वह बोले, 'अपनी सुविधा के चक्कर में आज जिस तरह यह धरती तप रही है, उसके बारे में कौन सोचेगा? कितना चेताया जाता है कि पर्यावरण के प्रदूषण से बचने के लिए लोग गाड़ियां कम करें। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। लेकिन इसके उलट हमने अपनी सड़कों को गाड़ियों से पाट दिया है। हर तरफ बड़ी से बड़ी गाड़ी लेने की होड़-सी मची है। सड़कों पर ट्रैफिक जाम स्थाई हो गया है। कॉलोनी में पार्किंग की मारामारी रहती है, लेकिन हमारा मोह इन गाड़ियों से छूट ही नहीं रहा। हम बड़ी गाड़ियों के चक्कर में एक भयावह स्थिति की ओर बढ़ते जा रहे हैं। पेड़ लगाए जाने की जगह काटे जा रहे हैं। इस पर किसी का ध्यान ही नहीं जा रहा। समय रहते तुम लोग नहीं चेते तो अभी तो लोग गाड़ी खरीद लेंगे पर भविष्य में पानी और प्राणवायु नहीं खरीद सकेंगे। घर में अगर तुम लोग यह बात समझ सको तो समझ लो।' दूसरे दिन नंदकिशोर जी शाम को टहल कर वापस लौटे तो घर पर एक इलेक्ट्रिक ब्लू साइकिल खड़ी थी। स्नेहा अपने दादू को देखते ही चहकती हुई बोली, 'दादू, मैं कॉलेज इस गियर वाली साइकिल में जाऊंगी, ना प्रदूषण, ना पार्किंग की प्रॉब्लम और तो और मेरा वर्कआउट भी हो जाएगा।'

'शाबाश मेरी बेटी, तुमने पर्यावरण के हित में एकदम सही निर्णय लिया।' नंदकिशोर जी का चेहरा खुशी से खिल उठा था। *




अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



# कमल हासन को नमस्ते करने के बाद छुए बिग बी के पैर

**मुंबई।** साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार साउथ सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की मेगा बजट फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। चुनाव परिणामों के ऐलान के तुरंत बाद फिल्म के सितारे मुंबई में एक बड़ा धमाल करने वाले हैं। फिल्म के एक अहम किरदार बुज्जी की लॉन्चिंग के लिए हैदराबाद में हुए कार्यक्रम के वीडियो अब भी सोशल मीडिया पर धूम मचा रहे हैं। और, अब प्रभास ने फिल्म की शूटिंग के दौरान फिल्म के कमल हासन और अमिताभ बच्चन से अपनी पहले दिन की मुलाकात का अनुभव साझा किया है। अमिताभ बच्चन को देखते ही प्रभास नतमस्तक हो गए। उस पल की याद करते हुए प्रभास बताते हैं, 'उसी दिन, मैं अमिताभ सर से मिला और उनके पैर छुए और उन्होंने प्यार से कहा, 'ऐसा मत करो।' तब से, जब भी मैं उनसे मिलता हूं, हम हाथ मिलाते हैं।' निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास, तमिल सिनेमा के मेगा स्टार कमल हासन और सदी के सबसे बड़े सितारे कहलाए अमिताभ बच्चन एक साथ काम कर रहे हैं।

लाइफ Style

# परिणीति

## बंद करें मन्नारा से तुलना

परिणीति चोपड़ा का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो किसी इवेंट का लग रहा है। इस वीडियो में जब परिणीति से पूछा, 'बहन का ट्रेलर लॉन्च हुआ है आपने देखा है मन्नारा का कैसा लगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस पर मन्नारा ने कहा, 'हां जरूर देखा है। बहुत सेक्सी लगा है उसका ट्रेलर।' इसके बाद मीडिया ने जब परिणीति से पूछा कि आपको क्या लगता है वो आपकी कॉम्पिटीटर बन सकते हैं?' इस पर परिणीति ने कहा, 'यार वो और मैं एक ही साथ बड़े हुए हैं एक ही माहौल में। हमारे बीच में सिर्फ दो साल का अंदर है। अब समय आ गया है कि हम दोनों को तुलना करना बंद कर दें। हम बहनें एक दूसरे के साथ निगेटिव तरह से नहीं रहते हैं हमारे बीच काफी प्यार है।'

आपको बता दें कि मन्नारा चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वो अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों और वीडियो के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। फैंस भी मन्नारा के लेटेस्ट फोटोशूट को काफी पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर मन्नारा की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। कुछ दिनों पहले मन्नारा ने अपना बर्थडे बहन प्रियंका चोपड़ा और जीजा निक जोनस के साथ सेलिब्रेट किया था, जिसकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं थीं।



# सुशांत के घर में बनवाया मंदिर



**मुंबई।** केरल स्टोरी एक्ट्रेस अदा शर्मा 4 महीने पहले सुशांत सिंह राजपूत के घर पर शिफ्ट हो चुकी हैं। वहां दिवंगत अभिनेता ने अपनी अंतिम सांस ली थी। अदा ने बताया है उन्होंने उस घर में क्या बदलाव किए हैं। अदा शर्मा सुशांत सिंह राजपूत के घर शिफ्ट हो चुकी हैं। यह बात अब किसी से छिपी नहीं। हालांकि, उन्होंने लंबे वक्त तक यह बात लोगों के सामने नहीं आने दी थी। सुशांत का निधन जिस अपार्टमेंट में हुआ था, वह लंबे वक्त से खाली था। लोग तरह-तरह के अंधविश्वास फैला रहे थे, हालांकि अदा ने कहा कि उन्हें वहां जाकर पॉजिटिव लगा। अदा ने बताया कि उन्होंने नए घर का मेकओवर करवाया है। उन्होंने अपना पूरा घर सफेद रंग से पेंट करवाया है और पहले फ्लोर पर मंदिर बनवा दिया है। अदा ने अब बताया है कि घर पर पहुंचने के बाद उन्होंने वहां क्या बदलाव करवाए हैं। अदा ने बॉम्बे टाइम्स से बातचीत में बताया कि वह 4 महीने पहले उस फ्लैट में शिफ्ट हो चुकी हैं। वह फिल्में प्रमोट कर रही थीं तो वक्त नहीं मिला। अब फाइनली सेटल हो पाई हैं।

# नए घर की तस्वीरों पर हुए ट्रोल



**मुंबई।** आमिर खान के भांजे इमरान खान ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'जाने तू या जाने ना' से की थी। उन्होंने दर्शकों को देल्ही वेली मेरे ब्रदर की दुल्हन, कट्टी बट्टी और गोरी तेरे प्यार में जैसी फिल्में दीं। इनमें से कुछ फिल्मों को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स भी मिला, लेकिन इमरान इंडस्ट्री में वो जगह नहीं बना पाए कि उन्हें प्रोड्यूसर्स और फिल्में ऑफर करना जारी रखें। लिहाजा इमरान सिल्वर स्क्रीन से दूर हो गए। लेकिन वह आज भी किसी ना किसी वजह से लाइमलाइट में बने रहते हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'इसके पास इतना पैसा आ कहां से रहा है?' इमरान खान ने यूजर को करारा जवाब देते हुए लिखा, 'मैंने साल 2000 के मिड में कुछ फिल्मों में काम किया था।' एक्टर के इस जवाब पर लोगों ने हंसने वाले इमोजी बनाए हैं। एक्टर आज भी वैसी ही लग्जरी लाइफस्टाइल मेनटेन कर रहे हैं और जब हाल ही में उन्होंने एक आलीशान घर खरीदा तो लोग पूछ बैठे कि उन पर इतना पैसा आ कहां से रहा है? बीते दिनों अवंतिका के साथ अपने तलाक को लेकर सुर्खियों में रहे इमरान खान सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं।

# 'इनसाइड आउट 2' में सुनने मिलेगी अनन्या की आवाज



**मुंबई।** 'इनसाइड आउट' के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। फिल्म के पहले भाग ने ऑस्कर जीता था। दर्शकों को एक बार फिर से उम्मीद है कि 'इनसाइड आउट 2' में कॉमेडी से भरपूर एक मजेदार कहानी देखने को मिलेगी। एनिमेटिड फिल्म 'इनसाइड आउट' का दूसरा भाग जल्द ही रिलीज होने वाला है। यह फिल्म नौ साल बाद एक बार फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बहुत बड़ी जानकारी सामने आ रही है। 'इनसाइड आउट 2' के हिंदी वर्जन में बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे की आवाज सुनने मिलेगी। डिज्नी फिल्म्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में अनन्या पांडे एक स्टूडियो में जाती हुई दिख रही हैं।

# 'वेट्टैयन' 10 अक्टूबर को होगी रिलीज




**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वेट्टैयन' के निर्माण में व्यस्त हैं। फिल्म का क्रेज दर्शकों पर भी खूब छाया है। फिल्म के बारे में लगातार दर्शक छोटी से छोटी जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की रिलीज की तारीख पर बड़ा अपडेट सामने आया है। अभिनेता ने फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा खुद अपने आध्यात्मिक दौरे के दौरान किया है। हालांकि, 'वेट्टैयन' की रिलीज डेट जान प्रशंसकों को झटका लगा है, क्योंकि अभिनेता की फिल्म जूनियर एनटीआर की 'देवरा' के साथ टकराएगी। यह फिल्म दशहरा की छुट्टियों के दौरान 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। आधिकारिक एलान करने से पहले ही 'वेट्टैयन' की टीम ने फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट**
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
| --- | --- |
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| Paramedical Course | |
| Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course | |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmacy - 12th pass , Maths, Bio
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825978, 8435018884

**आवश्यकता है-** शिक्षक शिक्षिकायें की आवश्यकता* व्ही एन एस स्कूल लक्ष्मी नगर सुपेला प्री प्राइमरी, प्राइमरी 20पद , सा. विज्ञान ,विज्ञान , अंग्रेजी , कॉमर्स , एकाउंट, बायो , भौतिक, रसायन, गणित, प्रति विषय 4-4पद, अंग्रेजी माध्यम* ड्राइवर, आया 5-5 पद -8349079539. (Ro-496)

**RECRUITMENT-** Incharge, Teachers, Required for English Medium Primary Wing in Maharishi Dayanand H.S.School Kurud Road Kohka BHILAI. Qualification-Graduate/PG With English Medium. Last Date For Resume Submission-15.06.2024, Resume Submit at D.A.V. Model H.S School Arya Nagar Durg. Whatsapp No - 94252-35536, Landline No- 0788-4050299. (Ro-499)

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये गिरावट है।'विदेशी बाजारों में, कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,320 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से छह डॉलर कम है।

### सुरक्षित संपत्तियों की मांग घटी

गांधी ने कहा कि बाजार की धारणा में बदलाव तथा गाजा में युद्ध विराम की संभावना के बाद सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की मांग में कमी के कारण सोने में गिरावट के साथ कारोबार शुरू हुआ। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी गिरावट के साथ 30.19 डॉलर प्रति औंस रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 30.37 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## नोकिया व गति शक्ति में संचार अनुसंधान के लिए समझौता...




**नई दिल्ली।** फिनलैंड की दूरसंचार उपकरण विनिर्माता कंपनी नोकिया ने परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में 5जी/6जी संचार से संबंधित संयुक्त अनुसंधान के लिए गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी के बयान के अनुसार, नोकिया और गति शक्ति विश्वविद्यालय 5जी/6जी संचार में अनुसंधान के अवसरों पर सहयोग करेंगे। जीएसवी रेल मंत्रालय के तहत है। इसके कुलाधिपति रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव हैं। वैष्णव की उपस्थिति में यहां स्थित रेल भवन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वैष्णव ने कहा, 'इस महत्वपूर्ण सहयोग में संपूर्ण परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों के लिए दूरसंचार क्षेत्र में प्रगति का लाभ उठाने की बेहद महत्वपूर्ण क्षमता है। यह समझौता ज्ञापन विकसित भारत के लिए उद्योग के हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने के लिए विश्वविद्यालय के उद्योग-संचालित दृष्टिकोण को और मजबूत करता है।'

# अदाणी समूह ने वित्तीय क्षेत्र में रखा कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- आईसीआईसीआई बैंक के साथ मिलकर शुरू किया क्रेडिट कार्ड

विभिन्न कारोबार क्षेत्रों से जुड़े अडाणी समूह ने वित्तीय क्षेत्र में भी कदम रख दिया है। समूह ने सोमवार को आईसीआईसीआई बैंक के साथ मिलकर 'को-ब्रांडेड' क्रेडिट कार्ड जारी करने की घोषणा की।

समूह की इकाई अडाणी वन और आईसीआईसीआई बैंक ने वीजा के साथ मिलकर हवाई अड्डे से जुड़े लाभों के साथ देश का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश किया है। अडाणी वन एक ऐप है जो उपयोगकर्ताओं को टिकट बुक करने, उड़ान की स्थिति की जांच करने, लाउंज तक पहुंचने, शुल्क-मुक्त उत्पादों की खरीदारी करने, कैब लेने और पार्किंग का लाभ उठाने आदि में मदद करता है।

कंपनी ने बयान में कहा, ''कार्ड में कई लाभ दिये गये हैं। इसे कार्डधारकों के उनके हवाई अड्डे तथा यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह अडाणी वन ऐप जैसे अडाणी समूह के उपभोक्ता परिवेश से जुड़ी इकाइयों में खर्च पर सात प्रतिशत तक 'रिवॉर्ड पॉइंट' देता है। अडाणी वन ऐप के जरिये उड़ान, होटल, ट्रेन, बस और कैब, अडाणी इलेक्ट्रिसिटी बिल भुगतान आदि सेवाएं ली जा सकती हैं।''

अडाणी समूह ने दिसंबर, 2022 में, कंपनी की डिजिटल पहल को आगे बढ़ाते हुए अडाणी वन ऐप शुरू किया।

कार्ड उपयोगकर्ताओं को शुल्क मुक्त दुकानों पर खरीदारी और हवाई अड्डों पर खाने और पेय पदार्थों से जुड़े खर्चों पर छूट जैसे लाभ भी मिलते हैं। साथ ही किराने का सामान, बिजली बिल भुगतान आदि पर 'रिवॉर्ड पॉइंट' जैसे लाभ मिलते हैं। अडाणी समूह के निदेशक जीत अडाणी ने कहा, ''अडाणी वन आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड एक सहज डिजिटल परिवेश की दिशा में पहल है। अडाणी वन मंच का लाभ उठाकर उपयोगकर्ताओं को सहजता और सुगमता का अनुभव होगा।

### को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश

आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक राकेश झा ने कहा कि अडाणी वन और वीजा के सहयोग से को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का पेश करना बैंक का ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक और कदम है।

## आरबीआई के पास 97.82 फीसदी 2000 रुपए के नोट वापस आ चुके

# 2000 के 7755 करोड़ रुपए दबाए बैठे हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिजर्व इंडिया (आरबीआई) ने 2000 रुपए के नोट पिछले साल ही बंद कर दिए थे। इसके बावजूद लगभग 7755 करोड़ रुपए के 2000 रुपए के नोट उसके पास वापस नहीं आए हैं। आरबीआई के मुताबिक, 97.82 फीसदी 2000 रुपए के नोट उसके पास आ चुके हैं। बाकी के नोट अभी भी जनता के पास ही हैं। किसी ने उन्हें वापस नहीं किया है।

आरबीआई ने सोमवार को बताया कि 2000 रुपए के नोट को बंद करने का फैसला 19 मई, 2023 को लिया गया था। यह फैसला लेते वक्त लगभग 3.65 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 2000 रुपए के नोट प्रचलन में थे। लोगों को यह नोट बैंकों में जमा करने का काफी वक्त दिया गया था। इसके बावजूद 97.82 फीसदी नोट ही वापस आ पाए हैं। लगभग 7755 करोड़ रुपए के नोट वापस ही नहीं आए हैं। आरबीआई का नया आंकड़ा 31 मई, 2024 तक का है।

- नोट को बंद करने का फैसला 19 मई, 2023 को लिया गया था



### नोटबंदी के ऐलान के बाद चलन में आया था यह नोट

इसके अलावा लोग इंडिया पोस्ट के जरिए भी 2000 रुपए के नोट अपने अकाउंट में जमा कराने के लिए किसी भी पोस्ट ऑफिस से आरबीआई इश्यू ऑफिस भेज सकते हैं। आरबीआई के इश्यू ऑफिस अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। भारत सरकार द्वारा नोटबंदी के ऐलान के बाद 2000 रुपए का नोट निकाला गया था। नोटबंदी के चलते उस समय चलन में मौजूद 500 और 1000 के नोट बंद कर दिए गए थे।

### आरबीआई के इश्यू ऑफिस में दे सकते हैं 2000 का नोट

केंद्रीय बैंक ने कहा कि 2000 रुपए के नोट को बदलने या जमा करने का मौका 7 अक्टूबर, 2023 तक लोगों के पास था। वह किसी भी बैंक की ब्रांच में जाकर यह काम कर सकते थे। इसके अलावा इन नोटों को बदलने के लिए लोग रिजर्व बैंक के 19 ऑफिस में भी जा सकते थे। 9 अक्टूबर, 2023 से आरबीआई के इश्यू ऑफिस भी 2000 रुपए के नोट स्वीकार रहे हैं। यह पैसा उनके अकाउंट में जमा करवा दिया जाएगा।

# स्कॉटलैंड पर इंग्लैंड का पलड़ा भारी, युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान प्रबल दावेदार

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरुम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा। टी20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी।




## छाप छोड़ने को तैयार स्कॉटलैंड

लगातार तीसरे टी20 विश्व कप में खेल रहे स्कॉटलैंड का कागजों पर इंग्लैंड से कोई मुकाबला नहीं है लेकिन यूरोपीय क्वालीफायर में आसानी से जीत हासिल करने के बाद वे अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। स्कॉटलैंड ने क्वालीफायर में अपने सभी छह मैच जीते और अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## दो साल से फार्म में नहीं अंग्रेज

मेलबर्न में 2022 में पिछले टी20 विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत के बाद से सफेद गेंद के प्रारूप में इंग्लैंड के लिए चीजें आसान नहीं रहीं। ऑस्ट्रेलिया में अपनी सफलता के एक साल बाद बटलर की अगुआई में इंग्लैंड ने भारत में एकदिवसीय विश्व कप में लचर प्रदर्शन किया। टीम नौ मैच में तीन जीत और छह हार से सातवें स्थान पर रही जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ निराशाजनक हार भी शामिल है। सफेद गेंद के क्रिकेट में इसके बाद टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर और 20 ओवर दोनों प्रारूप की श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ बारिश से प्रभावित श्रृंखला में इंग्लैंड ने 2-0 की जीत से कुछ हद तक लय हासिल की।

## अफगानी गेंदबाज बरपाएंगे कहर




*दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयान के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।*

## खबर संक्षेप



### रिकॉर्ड 9.51 करोड़ ईनाम का ऐलान

**न्यूयॉर्क।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रुपए) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2.45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रुपए) दिए जाएंगे। उपविजेता को 1.28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिए जाएंगे। पिछली बार कुल ईनामी राशि 5.6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को 1.6 मिलियन डॉलर मिले थे।

### कृष्णा ने ओडिशा के साथ अनुबंध बढ़ाया

**भुवनेश्वर।** फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की। रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की। उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा।

### नाडा ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है। पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिये नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक का प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्रवाई की थी।

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर**

**नोटिस**

कमांक/189/ब-121/2022-23/727 रायपुर, दिनांक 22 मई, 2024

प्रति,
मोहम्मद बसीर व.अब्दुल वजीद मेनन
निवासी ओम नगर वार्ड नं.54
गोकुल नगर बोरियाखुर्द मठपुरैना जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक सुंदर नगर जिला रायपुर की ओर से अविनाश कुमार अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपको बैंक ने 29,10,000.00 रूपये का ऋण दिया था, और आपके स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गयी है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 30,07,473.00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक सुंदर नगर जिला रायपुर से 29,10,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा मठपुरैना प.ह.नं. 61 जिला रायपुर स्थित ख.नं. 423/61 रकबा 1600 वर्गफुट पर निर्मित मकान बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 24.06.2024 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 22 मई, 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी

## टी20 वर्ल्ड कप : ट्रम्पेलमैन पहली दो गेंदों पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

# नामीबिया ने ओमान को हराया, 12 साल में पहली बार सुपर ओवर से हुआ फैसला

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। इससे पहले 2012 में न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज का मैच रिजल्ट सुपर ओवर से निकला था। वेस्टइंडीज जीता था। ओमान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में नामीबिया की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 109 रन ही बना पाई। नामीबिया ने वीसे और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की आक्रामक बल्लेबाजी की मदद से सुपर ओवर में 21 रन बनाए। वीसे ने इसके बाद गेंद संभाली और ओमान को केवल 10 रन ही बनाने दिए।

इससे पहले रुबेन ट्रम्पेलमैन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली दो गेंदों पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उन्होंने 21 रन देकर चार विकेट लिए जो नामीबिया की तरफ से टी20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्हें वीसे का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 28 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रम्पेलमैन ने मैच की पहली दो गेंदों पर सलामी बल्लेबाज कश्यप प्रजापति और ओमान के कप्तान आकिब इलियास को आउट किया।







### फेल हुए बल्लेबाज

ओमान के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें खालिद कैल ने 39 गेंदों में सर्वाधिक 34 रन बनाए। उनके अलावा जीशान मकसूद ने 22 और अयान खान ने 15 रन का योगदान दिया। नामीबिया के बल्लेबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उसकी तरफ से जान फ्राइलिंक ने 48 गेंदों में 45 रन बनाए। उनके अलावा निकोलस डाविन (24) और इरास्मस (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। ओमान की तरफ से मेहरान खान ने सात रन देकर तीन विकेट लिए और मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया।

### वीसे ने दिलाई जीत

नामीबिया के कप्तान इरास्मस सुपर ओवर में गेंद ट्रम्पेलमैन को सौंप सकते थे लेकिन उन्होंने वीसे के अनुभव पर भरोसा दिखाया और दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस ऑलराउंडर ने टीम को निराश नहीं किया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए 39 वर्ष के वीसे ने मैच के बाद कहा, 'आज मेरी उम्र कुछ साल बढ़ गई। सुपर ओवर में बल्लेबाजी करने के कारण मुझे मदद मिली। मुझे खेल का अंदाजा था और मैं जानता था कि सुपर ओवर में मैं कुछ अच्छे शॉट लगा सकता हूं। गेंदबाजी करते हुए मुझे भरोसा था कि मैं लक्ष्य का बचाव कर सकता हूं।'

### सुपर ओवर : नामीबिया

(गेंदबाज : बिलाल खुशी)

| गेंद | बल्लेबाज | रन |
|---|---|---|
| पहली | वीसे | 4 |
| दूसरी | वीसे | 6 |
| तीसरी | वीसे | 2 |
| चौथी | वीसे | 1 |
| पांचवीं | इरास्मस | 4 |
| छठी | इरास्मस | 4 |

### सुपर ओवर : ओमान

(गेंदबाज : डेविड वीसे)

| गेंद | बल्लेबाज | रन |
|---|---|---|
| पहली | नसीम | 2 |
| दूसरी | नसीम | 0 |
| तीसरी | नसीम | बोल्ड |
| चौथी | इलियास | 1 |
| पांचवीं | मकसूद | 1 |
| छठी | इलियास | 6 |

### अब तक के टाई मुकाबले

भारत बनाम पाकिस्तान
डरबन (2007)
न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका
पल्लेकेल (2012)
वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड
पल्लेकेल (2012)
द.अफ्रीका बनाम नामीबिया
ब्रिजटाउन (2024)*

## फ्रेंच ओपन

# बोपन्ना-एबडेन ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एन श्रीराम बालाजी और एमए रेयेस वारेला मार्टिनेज की जोड़ी को सुपर टाइब्रेकर में हराकर फ्रेंच ओपन पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन ने तीसरे दौर में 6-7, 6-3, 7-6 से जीत दर्ज की।

### जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 370वीं जीत



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने अर्जेंटीना के 25 वर्षीय खिलाड़ी एफ सेरुंडोलो को चौथे दौर के मैच में 6-1, 5-7, 3-6, 7-5, 6-3 से हराया। यह मैच सोमवार देर रात तक खेला गया। जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 370वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सेरुंडोलो ने जब लगातार दो सेट जीते तो लग रहा था कि जोकोविच के लिए वापसी करना आसान नहीं होगा लेकिन सर्बिया के इस खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार खेल दिखाया तथा खुद को रिकॉर्ड 25वें ग्रैंडस्लैम और फ्रेंच ओपन में चौथे खिताब की दौड़ में बनाए रखा।

# श्रीलंका 77 रन पर ढेर, 22 गेंद पहले जीता द. अफ्रीका

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया ने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिए। इससे दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में रविवार को श्रीलंका को 22 गेंद पहले छह विकेट से हरा दिया।

भारत को इस मैदान पर ग्रुप ए के चार में से तीन लीग मैच खेलने हैं।नॉर्किया, कैगिसो रबाडा और केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 19.1 ओवर में 77 रन पर समेट दिया। श्रीलंका का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला पूरी तरह से गलत साबित हुआ और वह टी20 क्रिकेट में अपने न्यूनतम स्कोर पर आउट हो गई। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की राह भी आसान नहीं थी। नासाउ स्टेडियम पर चुनौतीपूर्ण हालात में श्रीलंका ने पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीका के दो विकेट 27 रन पर निकाल दिए थे। स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने तीन ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य छोटा होने के कारण दक्षिण अफ्रीका ने 16.2 ओवर में ही 80 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली।



### एमबाप्पे को फ्रांस की टीम में जगह नहीं

**पेरिस।** स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी। हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। पेरिस सेंट जर्मेन को एक स्वतंत्र एजेंट के रूप में छोड़ने के बाद एमबाप्पे के रियल मैड्रिड से जुड़ने की उम्मीद की जा रही है।



# भारतीय बल्लेबाज जाधव ने की संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▶▶| पुणे

भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच खेलने के चार साल बाद सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 39 साल के जाधव ने 73 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले जाधव ने इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज की शैली में ही संन्यास की घोषणा की। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए।' जाधव रविवार को पुणे में शुरू हुई महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कोल्हापुर टस्कर्स की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह इस टूर्नामेंट में आगे खेलेंगे या नहीं।




### केदार की उपलब्धि

*जाधव ने भारत के लिए 73 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 42.09 के औसत से 1389 रन बनाए। उन्होंने नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की छह पारियों में 122 रन भी बनाए। जाधव ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी जनवरी 2017 में पुणे में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जब उन्होंने बड़े स्कोर वाले मैच में 76 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों से 120 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा शतक जड़ा और भारत को तीन विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।*

**UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)
अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
**शुद्धिपत्र**

दिनांक **02/06/2024** को हरिभूमि अखबार रायपुर में प्रकाशित **ई-नीलामी** सूचना में **(1) लक्ष्मी नाथ यादव** का आरक्षित मूल्य- **2925000/-** व बयाना राशि- **292500/-** हो गया था। जिसे आरक्षित मूल्य- **2778000/-** व बयाना राशि- **277800/-** के सही रूप में पढ़ा जाए। **(2) ऋणी- अनमोल धर्मकांटा** में बकाया राशि भूलवश **8.80 लाख** एवं आरक्षित मूल्य- **1886000/-** व बयाना राशि- **188600/-** हो गया था। जिसे अब बकाया राशि **8.87 लाख**, आरक्षित मूल्य- **1697000/-** व बयाना राशि- **169700/-** के सही रूप में पढ़ा जाए एवं (3) **मेसर्स अग्रवाल फूड्स एवं बेवरेज** का आरक्षित मूल्य- **4145000/-** व बयाना राशि- **414500/-** हो गया था। जिसे आरक्षित मूल्य- **3731000/-** व बयाना राशि- **373100/-** के सही रूप में पढ़ा जाए। बाकी सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

**प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक**

# अलीरेजा से हारे प्रज्ञाननंदा, कार्लसन को एकल बढ़त

एजेंसी ▶▶| स्टवांगर

भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली।

अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।




**CRGB छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**
क्षेत्रीय कार्यालयः डंगनिया चौक, सुंदरनगर, रायपुर (छ.ग.)
Mob:6232032095 I Tollfree 1800-233-2300,(PIN 492013)
E-mail: npa.ro.rai@cgbank.in I Web: www.cgbank.in

**नीलामी सूचना (जहाँ है जैसा है स्थिति में)**

छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा जब्त किये गये निम्नलिखित वाहनों की नीलामी "जहाँ है जैसा है" के आधार पर दर्शयी गई तिथि एवं स्थान पर किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र | शाखा | ऋणी का नाम | वाहन का प्रकार क्र. | वाहन क्र. | न्यूनतम राशि | अवलोकन हेतु स्थान (यार्ड) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरानीबस्ती | श्रीमती तरूणा दुरिया | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT/10/ 2022 | CG04 NY0899 | 92,000/- | G.K. ELECTRIC-Bhatagaon |
| 2 | पुरानीबस्ती | श्रीमती रेहाना प्रवीण | E-RICKSHAW LOHIA AUTO INDUSTRIES/NARAIN ICE 02/2022 | CG04 NV9816 | 95,000/- | G.K. ELECTRIC- Lalpur |
| 3 | पुरानीबस्ती | श्रीमती संजूबाई सेन | E-RICKSHAW ARD EXIM RANIE/09/2022 | CG04 NZ4283 | 68,000/- | G.K. ELECTRIC- Bhatagaon |
| 4 | पुरानीबस्ती | श्रीमती नाहिदा कुरेसी | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, 09/2022 | CG04 NX4456 | 65,000/- | G.K. ELECTRIC-Bhatagaon |
| 5 | पुरानीबस्ती | श्री राहुल नामदेव | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT/12/ 2022 | CG04 PB6199 | 91,000/- | G.K. ELECTRIC-Bhatagaon |
| 6 | पुरानीबस्ती | श्री कौशलदास मानिकपुरी | E-RICKSHAW LOHIA AUTO INDUSTRIES/NARAIN 05/2022 | CG04 NV7451 | 35,000/- | G.K. ELECTRIC- Lalpur |
| 7 | पुरानीबस्ती | श्री अजहर हुसैन | E-RICKSHAW LOHIA AUTO INDUSTRIES/NARAIN/10/ 2021 | CG04 NR1554 | 27,000/- | G.K. ELECTRIC- Lalpur |
| 8 | पुरानीबस्ती | श्री कलीम खान | E-RICKSHAW LOHIA AUTO INDUSTRIES/ NARAIN ICE 01/2022 | CG04 NV0741 | 91,000/- | G.K. ELECTRIC-Bhatagaon |
| 9 | पुरानीबस्ती | श्रीमती काजल यादव | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT/09/ 2022 | CG04 NX1760 | 55,000/- | G.K. ELECTRIC- Lalpur |
| 10 | कबीर नगर | श्रीमती गुलाबी नायक | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT/08/ 2022 | CG04 NX0654 | 63,000/- | G.K. ELECTRIC-Bhatagaon |
| 11 | कबीर नगर | श्री राज किशोर सुना | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILO/02/ 2023 | CG04 PC6670 | 64,000/- | G.K. ELECTRIC- Lalpur |
| 12 | कबीर नगर | श्री कुमार यादव | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT /09/ 2022 | CG04 NX0178 | 63,000/- | G.K. ELECTRIC- Lalpur |
| 13 | भनपुरी | श्री लोचन मारकंडे | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT /11/ 2022 | CG04 NZ9614 | 63,000/- | G.K. ELECTRIC-Bhatagaon |
| 14 | भनपुरी | श्रीमती उर्मिला पटेल | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT/11/ 2022 | CG04 NZ5840 | 63,000/- | G.K. ELECTRIC- Lalpur |
| 15 | भनपुरी | श्री किशन ध्रुव | E-RICKSHAW ARD EXIM RANIE/09/ 2022 | CG04 NZ2871 | 68,000/- | G.K. ELECTRIC-Bhatagaon |
| 16 | पुरानीबस्ती | श्रीमती राजकुमारी साहू | E-RICKSHAW LOHIA AUTO INDUSTRIES/NARAIN ICE 07/2022 | Cg04 NY0899 | 1,02,000/- | G.K. ELECTRIC- |
| 17 | कबीर नगर | श्री देवानंद पटेल | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT /04/ 2023 | CG04E1722 | 60,000/- | G.K. ELECTRIC- |
| 18 | कबीर नगर | श्रीमती उमा बाई शुक्ला | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT/09/ 2022 | CG04NW6698 | 63,000/- | G.K. ELECTRIC- |
| 19 | कबीर नगर | श्री सूरज कुमार रात्रे | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, LOADKING/03/ 2023 | CG04PC2779 | 62,000/- | G.K. ELECTRIC- |
| 20 | कबीर नगर | श्री महेंद्र देवांगन | E-RICKSHAWARD EXIM RANIE / 12/ 2022 | CG04NZ9837 | 48,000/- | G.K. ELECTRIC- |
| 21 | भनपुरी | श्रीमती प्रेमबाई नागर्ची | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT/03/ 2023 | CG04PD1161 | 68,000/- | G.K. ELECTRIC- |
| 22 | भनपुरी | श्री राहुल प्रजापति | E-RICKSHAW SUPERTECK INC, PILOT/11/ 2022 | CG04NZ2762 | 62,000/- | G.K. ELECTRIC- |

(1) नीलामी हेतु निविदा बंद लिफाफे मे प्रस्तुत करना होगा। (2) शाखा का नाम, वाहन क्र, वाहन प्रकार स्पष्ट रूप से लिखकर बोली राशि अंको एवं शब्दों मे लिखकर स्वंय के पहचान पत्र की फोटो कापी सहित बंद लिफाफे मे प्रस्तुत करे। (3) अमानती राशि रू 10000/ (रू दस हजार मात्र), छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष मे ड्राफ्ट/नगद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। (4) सफल निविदा कर्ता को 25% राशि तत्काल जमा करना होगा। (5) शेष 75% राशि नीलामी तिथि से 10 दिनों के भीतर जमा करना होगा अन्यथा जमा की गई राशि जप्त कर ली जाएगी। (6) बंद लिफाफे में निविदा दिनांक 01/07/2024 तक क्षेत्रीय कार्यालय सुन्दर नगर रायपुर में जमा की जा सकती है।

नीलामी से सम्बन्धित सर्वाधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।

**नीलामी स्थल-छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, महादेव घाट रोड, सुन्दर नगर रायपुर**
**नीलामी दिनांक-02/07/2024, समय-दोपहर 12 बजे**

दिनांक- 01/06/2024

क्षेत्रीय प्रबंधक
क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर




# गाने से डर गई पड़ोसी देश की सरकार, तुरंत लगाया बैन, आखिर इस गाने में है क्या?

एजेंसी ▶▶| सियोल

सोशल मीडिया पर आए दिए कोई न कोई गाना वायरल हो जाता है, जो पलभर में ही सबकी जुबां पर आ जाता है। बस हो या ट्रेन, सड़क हो या चौराहा, हर कोई उसे गुनगुनाता नजर आता है। लेकिन क्या कभी सुना है कि एक गाने से पड़ोसी देश की सरकार डर जाए। चौंकिए मत, ऐसा हुआ है। सोशल मीडिया पर एक गाना इतना वायरल हुआ कि पड़ोसी देश की सरकार डर गई। आनन- फानन में बैन लगा दिया। लोगों को चेतावनी तक दी कि कोई इस गाने को न गुनगुनाए.आखिर इस गाने में है क्या?

## उत्तर कोरिया में 'फ्रेंडली फादर' टाइटल से एक गाना रिलीज हुआ, जिसमें तानाशाह किम जोंग उन की जमकर तारीफ की गई थी

### नेशनल सिक्योरिटी के लिए खतरा बताया

गाने के वीडियो, मीम्स टिकटॉक समेत कई सोशल मीडिया साइट्स पर जबरदस्त वायरल हुए। लोगों में इस गाने की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर दक्षिण कोरिया सरकार के कान खड़े हो गए। वहां की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने इस गाने को नेशनल सिक्योरिटी के लिए खतरा बताया और सरकार से तुरंत इस पर बैन लगाने की मांग की। कहा, इसे साइकोलॉजिकल वॉर छेड़ने और दुष्प्रचार करने के मकसद से बनाया गया है। इसके बाद मीडिया रेगुलेटर ने गाने पर बैन का आदेश जारी किया।



### गाना बजाने पर होगी सात साल की जेल

सियोल की कोरिया कम्युनिकेशन स्टैंडर्ड कमीशन ने बताया कि इस गाने के 29 वर्जन को बैन किया जा रहा है। हम किम जोंग उनकी तारीफ वाली किसी भी चीज को अपने देश में चलने नहीं दे सकते। कानून के मुताबिक, अगर कोई इसका उल्लंघन करता है, तो उसे सात साल तक की जेल हो सकती है। इस गाने को एक चैनल ने पोस्ट किया है उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जब से किम जोंग उन ने उत्तर कोरिया की कमान संभाली है, तब से दक्षिण कोरिया के साथ तल्खी बढ़ी है। कई बार युद्ध तक की धमकी दोनों ओर से दी जा चुकी है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, मामला दक्षिण कोरिया का है। अप्रैल में उत्तर कोरिया में 'फ्रेंडली फादर' टाइटल से एक गाना रिलीज हुआ, जिसमें उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की जमकर तारीफ की गई थी। उन्हें 'महान नेता' बताया गया था। उनके कई गुणों का बखान किया गया है। जैसे ही यह पॉप गाना रिलीज हुआ, टिकटॉक पर खूब वायरल हुआ। हर जगह इसे लोग सुनते नजर आए, क्योंकि इसकी स्पीड काफी तेज थी और धुन बेहद शानदार। गाने के बोल थे, लेट्स सिंग किम जोंग उन, द ग्रेट लीड, लेट्स ब्रैग एबॉउट किम जोंग उन, ऑवर फ्रेंडली फादर।

# धरती पर रहते हैं ये 7 विचित्र जीव, लोग समझ लेते हैं एलियन!

*लंदन। हमारी धरती पर लाखों-करोड़ों जीव हैं। जो इंसानों की नजर में आ जाते हैं, उन्हें देखकर इंसानों को हैरानी नहीं होती है। पर कई ऐसे भी होते हैं जो बार-बार लोगों की नजर में नहीं आते और वो रहस्यमयी हो जाते हैं। आज हम आपको ऐसे ही कुछ जीवों के बारे में बताने जा रहे हैं। ये जीव धरती पर ही रहते हैं, पर कई बार लोग इन्हें देखकर एलियन समझ लेते हैं, क्योंकि ये 7 जीव दिखने में बेहद अजीबोगरीब हैं।*

### आय आय

जितना आप इस जीव को देखकर चौंक रहे होंगे, उतना आप इसके नाम से भी चौंक रहे होंगे। ये मैडागास्कर में पाए जाते हैं। इनकी आंखें और उंगलियां काफी बड़ी होती हैं। रात में ये अपनी आंखों की बदौलत आसानी से देख लेते हैं।





### एक्सेलॉट

एक्सेलॉट उभयचर जीव होते हैं, यानी वो जीव पानी के अंदर और बाहर भी रह सकते हैं। ये विलुप्त होने की कगार पर हैं। ये मेक्सिको में पाए जाते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस जीव के हाथ-पैर, स्पाइन आदि दोबारा उग सकते हैं।

### नरव्हाल

ये एक प्रकार की व्हेल मछली है। हालांकि, दिखने में बिल्कुल अलग लगती है। ये आर्क्टिक के पानी में मिलती हैं। इनके सिर पर सींघ होती है।



### उआकारी



ये बंदरों की एक प्रजाति है जो साउथ अमेरिका में पाई जाती है। इनका चेहरा, बाकी के बंदरों से काफी अलग है। ये विलुप्त होने के कगार पर हैं। इनकी पूंछ भी दूसरे बंदरों की तुलना में छोटी होती है।

### प्लेटेपस

ये अंडे देने वाले स्तनधारी होते हैं। इनकी चोंच बत्तख जैसी होती है। ये ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया में आसानी से मिल जाते हैं। ये गजब के तैराक होते हैं। पानी में काफी वक्त बिताते हैं।





### पैंगोलिन

एशिया और अफ्रीका में पाए जाने वाले ये जीव इकलौते ऐसे स्तनधारी हैं जो पूरी तरह स्केल्स से बने हैं। यानी इनकी चमड़ी पर स्केल बने होते हैं। जब इन्हें खतरा महसूस होता है तो ये खुद को एक गेंद में बदल लेते हैं।

### कैपीबारा

पहली बार देखने पर आपको लगा होगा कि ये चूहा है। पर इसे कैपीबारा बोलते हैं। इसे दुनिया के सबसे बड़े रॉडेंट्स या चूहे मान सकते हैं। ये जीव काफी सामाजिक होता है और इंसानों से भी घुल-मिल जाते हैं। ये साउथ अमेरिका में पाए जाते हैं।



# साइंस कहती है मरने से पहले फूटता है तारा, पर एक तारे की चुपके से हुई मौत

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

विशाल तारे का अंत एक शानदार सुपरनोवा के साथ होता। इसी विस्फोट के साथ अंतरिक्ष में उनके अवशेष ही बचते हैं। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि कुछ बड़े तारे अभी-अभी खत्म हुए हैं, और आकाश में उनका विस्फोट हुए बिना ही कोई निशान नहीं बचा है। यह हैरानी की बात है कि आखिर तारों का अंत बिना सुपरनोवा के कैसे हो सकता है? जर्मनी में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स और डेनमार्क में नील्स बोह्र इंस्टीट्यूट के खगोलशास्त्री एलेजांद्रो विग्ना-गोमेज़ के निर्देशन में एक टीम को फिजिकल रिव्यू लेटर्स में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि कुछ बड़े सितारे बड़े पैमाने पर विस्फोट के साथ नहीं बल्कि चुपचाप मर जाते हैं।

**अब कारण की हो रही है तलाश**



### चमकीले चमकते सितारों के अचानक गायब होते हुए देखा गया

खगोलविदों ने वास्तव में हाल के दिनों में चमकीले चमकते सितारों के अचानक गायब होते हुए देखा है। वीएफटीएस 243 के विश्लेषण से जो नतीजे मिले हैं, वे इसके बारे में साफ तौर पर जानकारी देते दिख रहे हैं। जब सूर्य से लगभग 8 गुना अधिक भार वाला कोई तारा सुपरनोवा में चला जाता है, तो नतीजे बहुत अराजक होते हैं। एक ब्लैक होल, न्यूट्रॉन स्टार या बहुत ही घनी वस्तु तब बनती है जब किसी तारे का कोर गुरुत्वाकर्षण के कारण ढह जाता है, जो प्रारंभिक तारे के भार पर निर्भर करता है।

### तारे से करीब 10 गुना बड़ा

वीएफटीएस 243 सिस्टम काफी दिलचस्प है। यह एक विशाल तारे से बना है जो सूर्य के भार का लगभग 25 गुना और 74 लाख साल पुराना है, साथ ही एक ब्लैक होल से बना है जो तारे से करीब 10 गुना बड़ा है। आंकड़े इस ओर इशारा करते हैं कि विशाल तारे कभी-कभी सुपरनोवा से गुजरे बिना सीधे ब्लैक होल में गिर सकते हैं। इसका सबसे मजबूत सबूत वीएफटीएस 243 में पाया गया है। देखना यह है कि क्या यह एक अपवाद की घटना मानी जाती है कि या फिर वैज्ञानिक तारों के अंत कि परिभाषा में कुछ सुधार करेंगे।

## हैवान बना पति

# पहले पत्नी के काटे पैर फिर उड़ा दी गर्दन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के केल्हारी थाना क्षेत्र में एक युवक ने चरित्र शंका के कारण अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से टुकड़ों में काट डाला। वहशी पति ने पहले जिंदा पत्नी के पैर काटे, फिर गर्दन पर कुल्हाड़ी चला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सोकोबहरा गांव में महिला की टांगी मारकर हत्या कर दी गई। महिला की हत्या करने के बाद पति मौके से फरार है। लिहाजा पुलिस को अंदेशा है कि आरोपी पति ही है, जिसने अपनी पत्नी की हत्या की है। हत्या से पहले आरोपी ने पत्नी के साथ निर्मम बर्ताव किया, जिसे देखकर किसी का भी कलेजा कांप उठेगा। पड़ोसियों से जानकारी लेने के बाद पुलिस को पता चला कि आरोपी पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। अक्सर दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद होता था। रविवार की रात 1 बजे भी इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। विवाद बढ़ने के बाद पत्नी ने सोचा कि अपने पति से दूर चला जाए, लेकिन जैसे ही पत्नी अपने पांव घर से बाहर रखे, पति ने टांगी से उसके दोनों पैर काट दिए। आरोपी पति यही नहीं रूका, उसने अपनी पत्नी गर्दन में भी वार किया गया, इससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई।



### आरोपी की खोजबीन में जुटी पुलिस

पुलिस के मुताबिक आरोपी पति की पतासाजी की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन जिस तरह से इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है,शायद ही परिवार के किसी ने इसकी कल्पना की होगी। परिवार के दूसरे लोग यदि मानसिंह को समझाते तो शायद इतनी बड़ी अनहोनी नहीं होती।

# दिल के आकार के होते हैं इस अनूठे पौधे के फूल, ऐसा लगता है कि बह रहा है खून

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्लीडिंग हार्ट जैसा नाम है, वैसा ही इस पौधे का फूल भी दिखता है। गुलाबी रंग के दिल के आकार के फूल की खूबसूरती इसे प्रेम और करुणा से जोड़ती है। यह लगभग हर मौसम में खिलता है। इसे दर्द सूजन आदि के उपचार की दवाओं में इस्तेमाल भी लाया जाता है। इसे उगाना भी बहुत आसान है।

**दवाओं में भी आते हैं काम**

ब्लीडिंग हार्ट एक शानदार बारहमासी पौधा है जो अपनी अनूठी मौजूदगी से ध्यान खींचने में कभी नाकाम नहीं होता है। इस पौधे की खासियत इसके दिल के आकार के फूल हैं। इन्हें देख कर लगता है कि इनके नीचे से 'खून' बहा रहा है। और इसी वजह से वजह उसका यह रोचक नाम पड़ा है। ब्लीडिंग हार्ट साइबेरिया, जापान और चीन में देखने को मिलते हैं और अपनी सुंदरता और अनोखेपन के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं। ब्लीडिंग हार्ट को वैज्ञानिक रूप से लैम्प्रोकैप्नोस स्पेक्टेबिलिस के नाम से जाना जाता है।



### होते हैं दर्द निवारक गुण

खूबसूरती के अलावा, ब्लीडिंग हार्ट का इस्तेमाल कुछ पारंपरिक उपचारों में इसके औषधीय गुणों के लिए भी किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसमें सूजन-रोधी और दर्द निवारक गुण होते हैं और कई जगहों पर, इस पौधे का इस्तेमाल दिल से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है। यदि आप ब्लीडिंग हार्ट के पौधों की संख्या बढ़ाना चाहते हैं, तो इसे हिस्सों में बांट कर किया जा सकता है। पौधे को सावधानी से खोदा जा सकता है और छोटे हिस्सों में विभाजित किया जा सकता है। लेकिन, ऐसा करते हुए यह ध्यान रखना होता है कि बंटा हुआ या अलग हुआ हिस्सा जड़ से अलग ना हो। ऐसे जड़ वाले हिस्सों को अलग से रोपा जाए तो नए पौधे पनप जाते हैं।

**पौधे खाने के लिहाज से होते हैं जहरीले**

ब्लीडिंग हार्ट छायादार जगहों में पनप सकते हैं। वे कई तरह की जलवायु के अनुकूल ढल सकते हैं। यही कारण है कि गार्डनिंग का शौक रखने वाले लोगों के लिए ये पौधे खास पसंद बन जाते हैं। लेकिन, इसके साथ ही ये पौधे खाने के लिहाज से जहरीले माने जाते हैं। इसमें ऐसे पदार्थ होते हैं जो खाने से पेट में तकलीफ पैदा कर सकते हैं। इसीलिए सलाह दी जाती है कि पालतू जानवरों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे उनकी पहुंच से दूर रखा जाए।







# जॉब वाली कुंवारी लड़की का छलका दर्द, चीख-चीख कर निकाली भड़ास

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर हिस्सों में आज भी लड़कियों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन लड़कियों को लड़कों से दूरी बनाकर रहने की हिदायत दी जाती है। ऐसे में लड़के-लड़कियों के बीच दोस्ती नहीं हो पाती. लड़कियां खुलकर अपनी बात नहीं रख पातीं। ऐसी ही एक लड़की का वीडियो एक्स (पहले ट्विटर) पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जो लड़की नजर आ रही है, वो एक अच्छी कंपनी में जॉब करती है, लेकिन उसकी शादी नहीं हो पा रही है। ऐसे में वो चीख-चीख कर अपनी भड़ास निकाल रही है। वायरल हो रहे वीडियो को



वेरिफाइड एक्स हैंडल पर शेयर किया गया है। वीडियो में आप देख और सुन सकते हैं कि एक खूबसूरत लड़की ने अपनी शादी को लेकर जिंदगी में आ रही परेशानियों के बारे में बताया है।

वीडियो में वो कहती है, 'मेरी मम्मी, आजकल जब भी फोन करती हैं, सिर्फ एक चीज के बारे में पंचायत करती हैं। वो कहती हैं कि इतनी आजादी दी है, उसका कुछ तो फायदा उठाओ। कोई लड़का पटा लो' लड़की ने बोला कि लड़का पटा लो? कैसे पटा लो? कहां से पटा लो, कहां पट रहे हैं लड़के? और कौन-से आजादी के बारे में बात कर रहे हैं आप? स्कूल और कॉलेज भेजना कोई आजादी देना होता है क्या? जब लड़के पटाने की उम्र थी, तब मुंह से किसी का नाम भी निकल जाता था तो फोन छिन लेते थे। कमरे में बंद कर देते थे, केबल्स कटवा देते थे। और अब कह रहे लड़का पटा लो?

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com